
page 1_Layout 1 10-10-2026 21:04 Page 1

डेली
आवाज भारती
बुलंद भारत की बुलंद आवाज़



» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » रविवार , 11 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :168 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

आज का भारती



पुतुल सोनोवाल ने रचा इतिहास

वर्ल्ड बाउल्स चैंपियन ऑफ चैंपियंस में भारत का पहला पदक पक्का

नई दिल्ली। असम के 43 वर्षीय खिलाड़ी पुतुल सोनोवाल ने ऑस्ट्रेलिया के बरहम में आयोजित वर्ल्ड बाउल्स चैंपियन ऑफ चैंपियंस प्रतियोगिता के पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इस प्रदर्शन के साथ प्रतियोगिता में भारत का पहला पदक सुनिश्चित हो गया।

चंडीगढ़ में 'आप' का जोरदार प्रदर्शन

मनीष सिसोदिया और हरपाल चीमा समेत कई नेता हिरासत में

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। चंडीगढ़ में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के विरोध में आम आदमी पार्टी 'आप' के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राज्य चुनाव आयोग के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। पुलिस ने 'आप'नेता मनीष सिसोदिया, पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा, मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां समेत सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन के दौरान उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब 'आप'नेता रोष मार्च निकालते हुए चुनाव आयोग के कार्यालय का घेराव करने के लिए आगे बढ़ने लगे। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस द्वारा रास्ते में लगाई बैरिकेड पार करने की कोशिश की तो पुलिस और उनके बीच धक्कामुक्की शुरू हो गई।'आप'नेताओं और कार्यकर्ताओं ने SIR के विरोध में चंडीगढ़ में रोष मार्च निकाला।



प्रदर्शनकारी राज्य चुनाव आयोग के कार्यालय तक पहुंचकर घेराव करना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उनका रास्ता रोक दिया। पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्कामुक्की हुई। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने मनीष सिसोदिया, हरपाल सिंह चीमा, हरदीप सिंह मुंडियां सहित सैकड़ों 'आप' नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

युवाओं के प्रदर्शन को रोकने के लिए ताकत लगाने का आरोप

मनीष सिसोदिया ने दावा किया कि देशभर से युवा ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने पहुंच रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार युवाओं के इस प्रदर्शन को रोकने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रही है। युवाओं के प्रदर्शन को रोकने के लिए सरकार की ओर से इतनी बड़ी ताकत का इस्तेमाल करते पहले कभी नहीं देखा गया।


प्रदर्शन के दौरान मनीष सिसोदिया ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कहने पर देश के मतदाताओं के साथ गद्दारी की है। देश का युवा और मतदाता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त पद से हटाने और उनके इस्तीफे की मांग की।

अमेरिका में तूफान इसायस का कहर

फ्लोरिडा-अलबामा में तबाही, सड़कें जलमग्न व इमारतों की उड़ीं छतें

डेली आवाज भारती

वाशिंगटनः तूफान इसायस ने शुक्रवार को अमेरिका के गल्फ तट पर दस्तक दी। श्रेणी-2 के इस खतरनाक तूफान ने फ्लोरिडा के पैनहैंडल क्षेत्र और अलबामा के तटीय समुदायों को तेज हवाओं, भारी बारिश, बाढ़ और समुद्र में उठने वाली खतरनाक लहरों से प्रभावित किया। मियामी स्थित अमेरिकी राष्ट्रीय तूफान केंद्र के अनुसार, इसायस ने फ्लोरिडा के डेस्टिन के पास तट पर प्रवेश किया। उस समय इसकी अधिकतम निरंतर हवाओं की रफ्तार करीब 169 किलोमीटर प्रति घंटे थी। तट पर पहुंचने से पहले तूफान की ताकत कमजोर होकर बड़े तूफान की श्रेणी से नीचे आ गई। शनिवार तड़के तक इसकी हवाएं और कमजोर होने के कारण इसे अब तूफान की श्रेणी में नहीं रखा जा रहा था। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डीसैंटिस ने समाचार सम्मेलन में लोगों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि तूफान क्षेत्र में पहुंच चुका है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहना चाहिए। उन्होंने सड़कों पर निकलने से बचने की सलाह देते हुए चेताया कि पूरे इलाके में अचानक बाढ़ आने का खतरा बना हुआ है। तूफान के कारण गल्फ तट के निचले इलाकों में तेज हवाएं चलीं। यह क्षेत्र अपने सफेद रेतीले समुद्र तटों, छुट्टियां बिताने के लिए बने घरों, समुद्र किनारे स्थित भोजनालयों और समुद्री भोजन के लिए जाना जाता है। डेस्टिन में सड़कें पानी में डूब गईं। वहीं, पास के पेंसाकोला में पुलिस ने सड़कों पर मलबा बिखरे होने के कारण लोगों को बाहर नहीं निकलने की चेतावनी दी।



बवंडर और अचानक बाढ़ का खतरा

मौसम विशेषज्ञों ने चेतावनी दी कि तूफान के प्रभाव से फ्लोरिडा के पैनहैंडल क्षेत्र और दक्षिणी जॉर्जिया में बवंडर उठ सकते हैं। भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ आने की आशंका भी बनी हुई थी। समुद्र के किनारे रहने वाले लोगों के लिए ऊंची और जानलेवा लहरें एक अतिरिक्त खतरा थीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार देर रात व्हाइट हाउस लौटते समय संवाददाताओं से कहा कि प्रशासन तूफान पर करीबी नजर रख रहा है। उन्होंने स्थिति को नियंत्रण में बताया।

'मैं तैयार, आप भी अयोध्या से लड़िए चुनाव', सीएम योगी को अखिलेश यादव का चैलेंज स्वीकार

डेली आवाज भारती



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बलरामपुर में विकास परियोजनाओं के बहाने विपक्ष, खासकर समाजवादी पार्टी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को अयोध्या से चुनाव लड़ने की चुनौती देते हुए कहा कि वह भी वहां से चुनाव लड़कर अपनी किस्मत आजमा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि 2017 से पहले प्रदेश के इस क्षेत्र में पहचान का संकट, तस्करी और अपराधियों की अराजकता थी, जबकि अब विकास की नई संभावनाएं सामने आ रही हैं। सीएम योगी ने बलरामपुर में 803 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 78 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक वोट ने क्षेत्र की तस्वीर बदलने में भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि जो वोट पहले पहचान के संकट और तस्करी से जोड़कर देखा जाता था, वहीं आज क्षेत्र की तरक्की और बदलाव का आधार बन रहा है। सीएम योगी ने अखिलेश यादव को सीधी चुनौती देते हुए कहा, मैं आपको ऑफर करता हूं, आप भी अयोध्या से नामांकन करिए, मैं भी करता हूं। चलिए, एक बार किस्मत आजमा लिया जाए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मुकाबला सीधे होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि लड़ाई चेलों से क्यों हो, मुकाबला सामने होना चाहिए। उन्होंने सपा नेताओं पर माफिया के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि जनता पहले भी ऐसे लोगों को जवाब दे चुकी है।

दिल्ली के झंडेवालान में हिरासत में लिए गए सीजेपी प्रदर्शनकारियों को ले जा रही बस पर फेंके गए पत्थर

पुलिस ने की कार्रवाई

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। शनिवार को नई दिल्ली के झंडेवालान इलाके में हिरासत में लिए गए लोगों को ले जा रही बस पर पत्थर फेंके गए। पुलिस ने जंतर-मंतर के पास कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन के लिए आ रहे लोगों को हिरासत में लेना जारी रखा। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना तब हुई जब पुलिसकर्मी कुछ हिरासत में लिए गए लोगों को झंडेवालान इलाके से बस में ले जा रहे थे। बस पर पत्थर फेंके गए, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। कुछ प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की और बस को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस ने उन्हें फिर से हिरासत में ले लिया और बाद में उन्हें निर्धारित स्थान पर भेज दिया। इस बीच, झंडेवालान मेट्रो स्टेशन के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है, जहां स्थिति को नियंत्रित करने और आगे की गड़बड़ी को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात है और यातायात प्रतिबंधित है।



दिल्ली में प्रदर्शन से पहले बड़ा पुलिस एक्शन

सीजेपी प्रमुख अभिजीत दिपके और यूट्यूबर ध्रुव राठी हिरासत में



डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के मुद्दे पर प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के संस्थापक अभिजीत दिपके सहित पार्टी के नेताओं सौरव दास और आशुतोष रांका को दिल्ली एयरपोर्ट पर विमान के उतरने के बाद हिरासत में ले लिया गया। वहीं, मशहूर यूट्यूबर ध्रुव राठी को भी गुरुग्राम स्थित उनके आवास से हिरासत में लिए जाने की खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, CJP ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का आह्वान किया था, लेकिन दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा और कानून-व्यवस्था संबंधी कारणों का हवाला देते हुए इसकी अनुमति नहीं दी। इसके बाद राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई और प्रदर्शनकारियों को निर्धारित प्रदर्शन स्थल तक पहुंचने से रोकने के लिए कई स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई। दिल्ली के कुछ हिस्सों में यातायात और मेट्रो सेवाओं पर भी प्रतिबंध लगाए जाने की खबरें सामने आई हैं। रिपोर्टों के मुताबिक, अभिजीत दिपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को दिल्ली पहुंचने पर विमान के अंदर से ही हिरासत में लिया गया। हिरासत से पहले अभिजीत दिपके ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर कहा कि वह गिरफ्तारी से डरते नहीं हैं। उन्होंने पहले से रिकॉर्ड किए गए एक वीडियो संदेश में आंदोलन की जिम्मेदारी अजिंक्य शिंदे को सौंपने की घोषणा भी की।

अमेरिका में दुर्लभ मामला:

पहली बार मौत की सजा का होगा लाइव प्रसारण



वाशिंगटन। अमेरिका में 2009 के फोर्ट हूड सैन्य अड्डे पर गोलीबारी के दोषी मेजर निदाल मलिक हसन को 3 दिसंबर को गोली मारकर मौत की सजा देने की योजना है। पेंटागन के अधिकारियों के मुताबिक, इस प्रक्रिया के सीधे प्रसारण की भी योजना बनाई जा रही है। हालांकि, प्रसारण की विस्तृत व्यवस्था की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। इस मामले ने मौत की सजा, सरकारी पारदर्शिता और सार्वजनिक प्रसारण की नैतिकता पर बहस छेड़ दी है। 5 नवंबर 2009 को टेक्सास के फोर्ट हूड सैन्य अड्डे पर सेना में मेजर और मनोचिकित्सक रहे हसन ने गोलीबारी की थी। इस हमले में 13 लोगों की मौत हुई और 32 अन्य घायल हुए थे। सैन्य अदालत ने उसे दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई थी।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 'युद्ध नशेयां विरुद्ध' अभियान को निर्णायक चरण में पहुंचाते हुए बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- भाजपा, अकाली दल और कांग्रेस की सरकारों ने नशे फैलाए और पंजाब की शान को ठेस पहुंचाई
- फिल्म 'थापी' की टीम भी राज्य के युवाओं को नशे छोड़ने के लिए जागरूक करेगी

डेली आवाज भारती





मोहाली (साहिबजादा अजीत सिंह नगर), मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज ऐतिहासिक धरती चप्पड़चिड़ी से 'युद्ध नशेयां विरुद्ध' अभियान के निर्णायक चरण की शुरुआत की और नशों के खिलाफ लड़ाई को जन आंदोलन बनाने के लिए सभी 23 जिलों में जाने वाली बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में नशों को चोरी-छिपे भी बिकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने प्रत्येक पंजाबी से राज्य के युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने और पंजाब की खोई हुई शान को बहाल करने के लिए नशों के खात्मे की इस निर्णायक लड़ाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। रैली के साथ सुझाव और शिकायत बॉक्स ले जाने तथा फिल्म 'थापी' की टीम के जागरूकता अभियान से जुड़ने के मद्देनजर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने युवाओं से नशों के बजाय शिक्षा और खेलों को अपनाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने भाजपा, अकाली दल और कांग्रेस की पिछली सरकारों को नशे फैलाने तथा पंजाब की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए जिम्मेदार ठहराया। एक्स पर अपने विचार साझा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, आज ऐतिहासिक धरती चप्पड़चिड़ी से बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो 'युद्ध नशेयां विरुद्ध' अभियान के अंतिम चरण की शुरुआत है। नशों के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है। हम सभी को एकजुट होकर इसे जन आंदोलन बनाना चाहिए। इस अभियान में शामिल होने के लिए अभिनेत्री नीरू बाजवा, फिल्म 'थापी' की टीम और पंजाब की भलाई के बारे में सोचने वाले सभी लोगों का मैं दिल से धन्यवाद करता हूं। पंजाब गुरुओं, पीरों, संतों, शहीदों, खिलाड़ियों और बहादुर सेनापतियों की धरती है। आइए, अपने पंजाब को नशामुक्त बनाने और इसकी रंगले पंजाब वाली शान को दोबारा बहाल करने के लिए एकजुट हों। इंकलाब जिंदाबाद। विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷ऐतिहासिक धरती चप्पड़चिड़ी से अंतिम चरण की शुरुआत का बहुत बड़ा महत्व है, क्योंकि यह धरती महान सिख जरनैल बाबा बंदा सिंह बहादुर जी द्वारा अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध लड़ी गई ऐतिहासिक लड़ाई से जुड़ी हुई है। उसी साहस, बलिदान और दृढ़ संकल्प की भावना पंजाब को नशों के खिलाफ लड़ाई में नेतृत्व प्रदान करेगी।

बल्लूआना में आम आदमी पार्टी और हुई मज़बूत

इलाके के अलग-अलग इलाकों की जानी-मानी हस्तियां 'आप' में हुईं शामिल

- विधायक शैरी कलसी ने सभी नए नेताओं का पार्टी में स्वागत किया

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़/सुकून महाजनः बल्लूआना में आम आदमी पार्टी (आप) को तब बड़ी बढ़त मिली जब मान सरकार की जनहितैषी नीतियों और विकास के कामों से प्रभावित होकर इलाके के अलग-अलग इलाकों की जानी-मानी हस्तियां आप में शामिल हो गईं। विधायक अमन शेर सिंह शैरी कलसी ने इन सभी जाने-माने नेताओं को पार्टी में औपचारिक रूप से शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वाली जानी-मानी हस्तियों में पीएनबी बैंक के रिटायर्ड सीनियर मैनेजर विक्रम देहरान, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष चमकौर, बिशनपुरा (बल्लूआना) के सरपंच शिवराज सिंह और सैदवाला से भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गौतम सोखल शामिल हैं। इसके अलावा, केराखेड़ा (बल्लूआना) के पूर्व सरपंच रामकुमार, रमनदीप सिंह और पूर्व पंचायत सदस्य रामेश्वर लाल भी पार्टी में शामिल हुए। इसके अलावा पंजाब भाजपा ओबासी मोर्चा के पूर्व जनरल सेक्रेटरी जगदीश सांगवाल, बल्लुआं के पूर्व विधायक, गुरियाना के पीए सुरिंदर शर्मा और बल्लुआना के सर्कल प्रधान संजीव कुमार भी पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर विधायक अमन शेर सिंह शैरी कलसी ने पार्टी में शामिल हुए सभी नए नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया और भरोसा दिलाया कि पार्टी में उन्हें पूरा सम्मान दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने 'रंगला पंजाब' को नशीले पंजाब में बदला : बीबा हरसिमरत कौर बादल

- कहा, मुख्यमंत्री चार महीनों में ड्रग के खतरे को खत्म करने के अपने वादे को पूरा करने में नाकाम

डेली आवाज भारती



फरीदकोट/चंडीगढ़ः शिरोमणी अकाली दल की वरिष्ठ नेता बीबा हरसिमरत कौर बादल ने आज कहा है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान 'रंगला पंजाब' को 'नशीला पंजाब' में बदलने के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है और अब राज्य की महिलाएं ड्रग माफिया से निपटने के लिए एकजुट होंगी। बठिंडा सांसद ने सूबा सिंह बादल और मंतर सिंह बरो के साथ जैतो और कोटकपुरा में महिलाओं की दो विशाल रैलियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री चार महीनों में ड्रग के खतरे को खत्म करने के अपने वादे को पूरा करने में नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक योजना के तहत प्रत्येक महिला को 60 हजार रूपये मिलने चाहिए थे, वह अब महिलाओं को 3000 रूपये की रिश्वत देकर उन्हें खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। यह कहते हुए कि महिलाओं ने अब खुद कमान संभालने का फैसला किया है, बीबा हरसिमरत कौर बादल ने कहा,'' वे माई भागो दी फौज'' में शामिल होने के लिए फॉर्म भर रही हैं, जो नशे की तस्करी के खिलाफ सुरक्षा कवच का काम करेगा।'' उन्होने कहा कि ये महिलाएं नशे के तस्करों और उन्हें कानून से बचाने वाले लोगों याहे वह आम आदमी पार्टी के नेता हों यां पुलिसकर्मी सभी का रिकॉर्ड रखेंगी और अकाली दल सरकार बनने के बाद ये महिलाएं अपने फॉर्म सौंपेंगी। उन्होने कहा,'' हम सभी शिकायतों की जांच करने और अपराधियों के खिलाफ के ी कार्रवाई करने के लिए एक महिला डीजीपी की अध्यक्षता में एक विशेष कार्यबल का गठन करेंगें। उन्होने यह भी घोषणा की कि 'माई भागो दी फौज' के हिस्से के रूप में कॉआर्डिनेटरज की भी नियुक्ति की जा रही है। बीबा बादल ने महिलाओं को आश्वासन देते हुए कहा कि नशे के तस्कर और उनके सरगना अब उनके बीच नही रहेंगें। उन्होने कहा,'' हम ऐसा कानून लाएगें जिसके तहत उन्हें जमानत के विकल्प के बिना दस साल तक जेल में रखा जाएगा और उनकी सभी संपत्तियों को जब्त कर लिया जाएगा।''

इटली में सबसे फेमस व महंगी वाइन की चोरी, चोर दो ट्रकों में भर ले गए 30 हजार बोतलें



इटली। टस्कनी क्षेत्र में मशहूर वाइन कंपनी मार्केसे एंटिनोरी के गोदाम में बड़ी चोरी का मामला सामने आया है। चोर करीब 30 हजार बोतल प्रीमियम रेड वाइन चुराकर ले गए। चोरी हुए माल की कीमत लगभग 50 लाख यूरो यानी करीब 55 करोड़ रुपये आंकी गई है। कंपनी के एक प्रतिनिधि ने इसे इटली के इतिहास की सबसे बड़ी वाइन चोरी बताया है। रॉयटर्स और एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक, चोरी पिछले सप्ताहांत कॉर्टोना स्थित कंपनी के गोदाम में हुई। सोमवार सुबह एक कर्मचारी के गोदाम पहुंचने पर चोरी का खुलासा हुआ।

page 2_Layout 1 10-10-2026 16:56 Page 1

हरियाणा कैबिनेट की बैठक, लाडो लक्ष्मी योजना की आय सीमा बढ़ाने पर होगा विचार

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़ । हरियाणा मंत्रिमंडल की अहम बैठक शनिवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में शनिवार सुबह 11 बजे हरियाणा सिविल सचिवालय चंडीगढ़ में होगी। बैठक में जनकल्याण, ग्रामीण विकास और प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा होगी। जानकारी के अनुसार इनमें दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की पात्रता के लिए वार्षिक पारिवारिक आय सीमा बढ़ाने, स्थानीय निकायों को धनराशि हस्तांतरित करने और ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका मिशन से संबंधित योजना को मंजूरी देने जैसे प्रस्ताव शामिल हैं। कैबिनेट बैठक में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पात्रता के लिए निर्धारित वार्षिक पारिवारिक आय सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। वर्तमान में एक लाख रुपये तक की वार्षिक पारिवारिक आय की शर्त को बढ़ाकर 1.80 लाख रुपये करने का प्रस्ताव है। वहीं, सामाजिक विकास से जुड़े कुछ निर्धारित मानकों को पूरा करने वाले परिवारों के लिए इस सीमा को बढ़ाकर तीन लाख रुपये सालाना करने पर भी विचार किया जा सकता है।

इसके अलावा, योजना के लाभार्थियों को मिलने वाली राशि चुनने का विकल्प समाप्त करने और प्रत्येक तीन महीने में जीवित होने का प्रमाण पत्र जमा कराने की व्यवस्था लागू करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा होने की संभावना है। इन प्रस्तावों पर कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद योजना के पात्रता नियमों में बदलाव हो सकता है।

बैठक में हरियाणा विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण योजना से संबंधित प्रस्ताव पर भी चर्चा हो सकती है। इसके साथ ही स्थानीय निकायों को वित्तीय सहायता और धनराशि हस्तांतरित करने के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। इन फैसलों का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों और ग्रामीण आजीविका से जुड़ी योजनाओं को गति देना है।

कैबिनेट की बैठक में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के चंडीगढ़ के सेक्टर-7 स्थित सरकारी आवास पर लगाए गए 27.17 लाख रुपये के दंडात्मक किराये को माफ करने के प्रस्ताव पर भी विचार किया जा सकता है। इसके अलावा हरियाणा आवास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष राजदीप सिंह को राहत देने से संबंधित प्रस्तावों पर भी चर्चा होने की संभावना है।

बैठक के एजेंडे में मीडिया कर्मियों के कल्याण कोष की प्रशासनिक व्यवस्था में संशोधन और नागरिक संसाधन सूचना विभाग को स्वतंत्र विभाग के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव भी है।

सिविल अस्पताल बरनाला में हेल्पिंग हैंड एनजीओ को 550 वर्ग गज जमीन आवंटित

सिविल अस्पताल बरनाला में हेल्पिंग हैंड एनजीओ को 550 वर्ग गज जमीन आवंटित

- निःशुल्क डायलिसिस सेंटर खोलने की दिशा में अहम पहल, एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

डेली आवाज भारती



बरनाला/नवीन कालीः बरनाला शहर के लिए गर्व और हर्ष की बात है कि सिविल अस्पताल बरनाला में हेल्पिंग हैंड एनजीओ एवं चैरिटेबल वेलफेयर सोसायटी (रजि.) को लगभग 550 वर्ग गज भूमि आवंटित की गई है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग और संस्था के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना और उनके परिवारों को आर्थिक राहत प्रदान करना है। संस्था पिछले डेढ़ वर्ष से प्रतिदिन लगभग 300 लोगों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध करवा रही है। अब आवंटित भूमि पर निःशुल्क डायलिसिस सेंटर स्थापित करने की योजना है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद मरीजों को डायलिसिस जैसी महत्वपूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने में मदद मिलेगी तथा उपचार के दौरान होने वाले खर्च का बोझ कम होगा। इस महत्वपूर्ण पहल में हेल्थ कॉरपोरेशन सिस्टम, पंजाब के पूर्व डायरेक्टर डॉ. अनिल गोयल का विशेष योगदान रहा। उनके प्रयासों और सहयोग से इस कार्य को गति मिली। संस्था के पदाधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में इस योजना को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी। इस अवसर पर डॉ. सुनील बंसल (डायरेक्टर, हेल्थ कॉरपोरेशन सिस्टम, पंजाब), डॉ. अनिल गोयल, डॉ. हरिपाल सिंह (सीएमओ, बरनाला), डॉ. इंदु बंसल (एसएमओ, बरनाला), डॉ. गुरविंदर कौर औजला (डीएमएस) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। संस्था की ओर से अध्यक्ष पंडित रमेश गोड़ तथा अन्य पदाधिकारियों ने भी सहयोग दिया। संस्था ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और सांसद मीत हेयर के प्रति आभार व्यक्त किया। संस्था के अध्यक्ष पंडित रमेश गोड़ ने कहा कि जरूरतमंद मरीजों की सेवा करना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी निःशुल्क भोजन, स्वास्थ्य सहायता और अन्य जनकल्याणकारी गतिविधियां जारी रखी जाएंगी। यह पहल बरनाला में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और जरूरतमंद परिवारों को राहत देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है। निःशुल्क डायलिसिस सेंटर शुरू होने से उन मरीजों को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है, जिन्हें नियमित उपचार के लिए आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

शक के अधार पर गिरफ्तार व्यक्ति से 1 ग्राम हेरोइन बरामद, मामला दर्ज

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर)ः थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। उक्त मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना लक्खोके बहराम के एएसआई महिन्द्र सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर विक्रम पुत्र चानन सिंह वासी गांव नवां किल्ला को शक के अधार पर गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 1 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामले की जांच कर रहे महिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में विक्रम पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

संत रसीला कॉलोनी की दीवार दोबारा तोड़े जाने पर भड़के निवासी, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू) – बटाला की संत रसीला कॉलोनी की चारदीवारी दोबारा तोड़े जाने का मामला सामने आने के बाद कॉलोनी निवासियों में भारी रोष पाया जा रहा है। निवासियों ने संबंधित अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। कॉलोनी निवासियों के अनुसार, इससे पहले भी 16 अगस्त 2026 की रात को दीवार तोड़ दी गई थी। इसके बाद उन्होंने अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दीवार का दोबारा निर्माण करवाया था, लेकिन अब फिर से चारदीवारी तोड़ दिए जाने से लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। इस घटना को लेकर कॉलोनी के सदस्यों ने आपात बैठक कर गंभीर चिंता व्यक्त की। सदस्यों ने आरोप लगाया कि साथ लगती कॉलोनी को रास्ता देने और 'संत रसीला एवेन्यू' के नाम का इस्तेमाल करके कथित तौर पर अवैध कॉलोनी के प्लॉट बेचने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। कॉलोनी निवासियों ने बताया कि इस मामले को लेकर पहले भी बटाला नगर निगम के मेयर को लिखित शिकायत दी गई थी। उन्होंने मांग की कि बार-बार दीवार तोड़े जाने की घटना की गंभीरता से जांच की जाए, दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए तथा कॉलोनी की चारदीवारी और सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा के प्रधान राजेश शर्मा, पूर्व पार्षद वरिंदर वर्मा, बलराज सिंह, एडवोकेट अनिल शर्मा, डॉ. विशाल, राजिंदर कुमार मरवाहा, विपन शर्मा, हर्ष, सतनाम सिंह, सुशील गैद, हरजिंदर सिंह, डॉ. अरविंद कालिया, अमृत पाल, गुरमुख सिंह और भगवंत जे. सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

सीजेपी प्रदर्शन को लेकर फरीदाबाद में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, रेलवे स्टेशन पर भारी पुलिस बल तैनात

डेली आवाज भारती



फरीदाबाद । दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन के आह्वान के बाद फरीदाबाद में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। दिल्ली से सटे सभी बॉर्डर पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस दिल्ली जाने वाले वाहनों की सघन जांच कर रही है। फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर भी भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली जाने वाली कुछ ट्रेनों को रद्द किए जाने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, प्रदर्शन के मद्देनजर पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट किया गया है। पुलिस प्रशासन की ओर से कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। दिल्ली-फरीदाबाद के बदरपुर बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है। यहां वाटर कैनन, आंसू गैस के इंतजाम के साथ एंबुलेंस और दमकल की गाड़ियां भी तैनात की गई हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। बदरपुर बॉर्डर पर दिल्ली जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही वाहनों को दिल्ली में प्रवेश दिया जा रहा है। पुलिस की टीमें संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। सीजेपी प्रदर्शन को देखते हुए फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों के रद्द होने से रेल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। यात्रियों को घर से निकलने से पहले अपनी ट्रेन का स्टेटस जांचने की सलाह दी गई है। प्रशासन का पूरा ध्यान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने पर है।

नयागांवः बिना स्वीकृत नक्शे के बने शिशु निकेतन स्कूल के दो फ्लोर सील

नगर परिषद की बड़ी कार्रवाई, बार-बार नोटिस देने के बाद भी जारी था निर्माण कार्य

डेली आवाज भारती

नयागांव, (हरतेज सिंह) : नगर परिषद नयागांव ने क्षेत्र में बिना अनुमति और बिना स्वीकृत नक्शे के हो रहे अवैध भवन निर्माणों के खिलाफ अपना रुख सख्त कर लिया है। नियम तोड़कर निर्माण करने वालों पर लगाम कसने के लिए परिषद ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी अभियान के तहत नगर परिषद की विशेष टीम ने शुक्रवार, 9 अक्टूबर को शिशु निकेतन स्कूल की इमारत पर अवैध रूप से बनाए जा रहे दो अतिरिक्त फ्लोर (मंजिलों) को पूरी तरह सील कर दिया। कांटेदार तार और रिबन लगाकर की गई सीलिंग प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कूल की ऊपरी मंजिलों पर निर्माण कार्य धड़ल्ले से चल रहा था। मौके पर पहुंची नगर परिषद की टीम ने दोनों फ्लोर के मुख्य प्रवेश द्वारों और रास्तों पर कांटेदार तार तथा चेतावनी रिबन बांधकर सीलिंग की प्रक्रिया को अंजाम दिया। अब वहां किसी भी प्रकार की गतिविधि या आगे के निर्माण पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है।

यह पूरी कार्रवाई नगर परिषद अधिकारी (ईओ) विजय जिंदल के कड़े निर्देशों पर की गई। सीलिंग से पहले परिषद की टीम ने मौके पर पहुंचकर भवन का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक नगर योजनाकार (एटीपी) गगनदीप, बिल्डिंग इंस्पेक्टर सतीश कुमार और नगर परिषद के अन्य कर्मचारी तथा पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। नगर परिषद अधिकारियों ने बताया कि भवन मालिकों को अवैध निर्माण तुरंत रोकने के लिए दो से तीन बार औपचारिक नोटिस जारी किए गए थे। हालांकि, भवन मालिक ने नोटिस का कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और न ही निर्माण कार्य रोका। प्रशासनिक चेतावनियों को दरकिनार कर जब निर्माण जारी रखा गया, तो परिषद ने अंतिम सीलिंग नोटिस जारी कर यह सख्त कदम उठाया।

नियमों के उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाईः विजय जिंदल

नगर परिषद अधिकारी विजय जिंदल ने स्पष्ट किया कि शहर में बिना मंजूरी और बिना पास नक्शे के किसी भी तरह का निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, भवन निर्माण नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। लोग निर्माण शुरू करने से पहले नगर परिषद से नियमानुसार मंजूरी जरूर लें।

सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा, कल्याण और गरिमा हेतु ठोस सुधार

एक साफ-सुथरे एवं स्वस्थ देश की जिम्मेदारी हजारों सफाई कर्मचारियों के कंधों पर है। ये सफाई कर्मचारी अक्सर कठिन एवं जोखिम भरी परिस्थितियों में काम करते हुए हमें हर दिन आवश्यक सेवाएं प्रदान करते हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्वच्छता और हमारे शहरों व समुदायों के कामकाज में उनका योगदान अमूल्य है।

इसलिए उनकी सुरक्षा, कल्याण और गरिमा सुनिश्चित करना महज एक सामाजिक जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि एक समावेशी और मानवीय समाज के निर्माण का एक जरूरी हिस्सा भी है।

इस जिम्मेदारी को समझते हुए, केन्द्र सरकार ने 'नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते)' और 'राष्ट्रीय नेशनल सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम (एनएसकेएफडीसी) के वित्तीय सहायता कार्यक्रमों के जरिए सफाई कर्मचारियों के जीवन एवं उनकी आजीविका की सुरक्षा के लिए कई व्यापक उपाय किए हैं। ये उपाय जोखिम भरे शारीरिक तरीकों से हटकर, स्वच्छता के एक ऐसे सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण इकोसिस्टम की दिशा में निर्णायक बदलाव का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो मशीनीकरण, पेशेगत सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास और टिकाऊ आजीविका पर आधारित है।

एक सुरक्षित स्वच्छता इकोसिस्टम का निर्माण

'नमस्ते' का मुख्य लक्ष्य बिल्कुल स्पष्ट हैः सीवर और सेप्टिक टैंक की जोखिम भरी सफाई को खत्म करना और सफाई कार्यों के दौरान होने वाली मौतों को शून्य तक ले आना। इस योजना का उद्देश्य स्वच्छता से जुड़ी श्रमशक्ति को औपचारिक व्यवस्था से जोड़ना और सफाई कर्मचारियों के लिए सुरक्षा उपकरण, पेशेगत प्रशिक्षण, स्वास्थ्य सेवाएं एवं आजीविका के अवसर सुनिश्चित करना है। यह मशीनों एवं सुरक्षा उपकरणों के उपयोग को भी बढ़ावा देती है ताकि किसी भी कर्मचारी को अनावश्यक रूप से जोखिम भरी परिस्थितियों का सामना न करना पड़े।

इस योजना के तहत 91,000 से अधिक सीवर एवं सेप्टिक टैंक से जुड़े श्रमिकों की जानकारी जुटाई गई है। इनमें से 90,000 से अधिक श्रमिकों की जानकारियों का सत्यापन किया जा चुका है। जहां 87,000 से अधिक श्रमिकों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट प्रदान की गई हैं, वहीं लगभग 77,000 श्रमिकों को स्वास्थ्य-बीमा योजना के दायरे में लाया गया है।

जानकारी जुटाने एवं उनके सत्यापन की यह प्रक्रिया इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे श्रमिकों को औपचारिक मान्यता मिलती है और एक ऐसा रास्ता तैयार होता है जिसके माध्यम से वे सरकारी कल्याणकारी व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही, इससे कार्यान्वयन एजेंसियों को उनकी जरूरतों को समझने और पेशेगत सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, प्रशिक्षण एवं आजीविका के मामले में उचित कदम उठाने में मदद मिलती है। संस्थागत तैयारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। बड़ी नगर पालिकाओं और जिलों में स्थापित स्वच्छता से संबंधित आपातकालीन प्रतिक्रिया इकाइयों (ईआरएसयू) को 750 से अधिक सुरक्षा उपकरण भेजे गए हैं। ये इकाइयां आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था को मजबूत करती हैं और सीवर व सेप्टिक-टैंक की सफाई के काम को सुरक्षित एवं मशीनों के जरिए करने में मदद करती हैं। जागरूकता और व्यवहारगत बदलाव भी एक अहम पहलू है। देश भर में सीवर और सेप्टिक टैंक की जोखिम भरी सफाई को रोकने हेतु 1,600 से अधिक कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं। इन कार्यशालाओं में सफाई के असुरक्षित तरीकों से जुड़े खतरों के बारे में बताने और मशीनों से सुरक्षित सफाई के महत्व पर जोर देने के उद्देश्य से कर्मचारियों, अधिकारियों तथा अन्य हितधारकों को एकजुट किया गया है।

मशीनीकरणः जोखिम भरे श्रम से सुरक्षित उद्यम तक

स्वच्छता संबंधी कार्यों के रूपांतरण में मशीनीकरण की अहम भूमिका है। जब तकनीक से इन कार्यों को सुरक्षित रूप से किया जा सकता है, तो किसी भी कर्मचारी को सीवर या सेप्टिक टैंक में स्वयं उतरने की जरूरत क्यों हो।

इसलिए, केन्द्र सरकार सफाई कर्मचारियों को सफाई से जुड़ी मशीनों एवं वाहनों का मालिक तथा संचालक बनने में मदद करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। लगभग 1,000 सफाई कर्मचारियों को 370 से अधिक सफाई के वाहन खरीदने हेतु लगभग 35 करोड़ रुपये की अग्रिम पूंजीगत सब्सिडी जारी की गई है। यह सहायता महज उपकरण प्रदान करने से कहीं बढ़कर है। यह कर्मचारियों को जोखिम भरे काम से हटाकर मशीनीकृत सफाई सेवाओं, उद्यमिता और टिकाऊ आय अर्जित करने की दिशा में बढ़ने में मदद कर रही है। इसका व्यापक उद्देश्य सफाई कर्मचारियों को महज कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी के रूप में नहीं, बल्कि कुशल पेशेवरों, सेवा प्रदाताओं और उद्यमियों के रूप में मान्यता दिलाना है। सफाई के वाहनों एवं उपकरणों के मालिक बनने से जहां कार्यस्थल पर सुरक्षा बेहतर हो सकती है, वहीं व्यापक वित्तीय आजादी और दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा के अवसर भी सृजित हो सकते हैं।

मात्र सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि व्यक्तियों और परिवारों के लिए सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण आजीविका बनाने के साधन तैयार करना- यही सशक्तिकरण का मूलमंत्र है।

कचरा बीनने वालों तक

भारत के लोगों से एक वादा

कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार

स्वच्छता और साफ-सफाई के कार्यों का दायरा सिर्फ सीवरों एवं सेप्टिक टैंकों की सफाई तक ही सीमित नहीं है। कचरे को एकत्रित करके, उसे छांटकर और उसकी पुनर्प्राप्ति व पुनर्चक्रण में मदद करके, कचरा बीनने वाले भी एक बेहद जरूरी जन-सेवा करते हैं। फिर भी, उनमें से कई लोगों ने लंबे समय से बिना किसी उचित पहचान, पेशेगत सुरक्षा या सामाजिक सुरक्षा के ही काम किया है। उनके योगदानों को देखते हुए, सरकार ने 2024 में 'नमस्ते' योजना का विस्तार किया और इसमें ठोस कचरा प्रबंधन में संलग्न कचरा बीनने वालों को भी शामिल किया। इस कदम का उद्देश्य जानकारी जुटाने (प्रोफाइलिंग), पेशेगत सुरक्षा के उपायों, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास और आजीविका में मदद के जरिए कचरा बीनने वालों को सुरक्षित, गरिमापूर्ण और टिकाऊ आजीविका उपलब्ध कराना है। इस विस्तारित घटक के तहत, 3.80 लाख से अधिक कचरा बीनने वालों के बारे में जानकारियां जुटाई गई हैं। इनमें से लगभग 2.60 लाख लोगों का सत्यापन ई-केवाईसी के जरिए किया गया है। जहां 1.30 लाख से अधिक कचरा बीनने वालों को पीपीई किट प्राप्त हुई हैं, वहीं 1.20 लाख से अधिक लोगों के डेटा को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रोसेस किया गया है।



'नमस्ते' योजना के तहत कचरा बीनने वालों को शामिल करना, चक्रीय अर्थव्यवस्था और ठोस कचरे के प्रबंधन में उनके योगदानों को मान्यता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे उन्हें पहचान से संबंधित दस्तावेज, पेशेगत सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं से जो ने में मदद मिल रही है। साथ ही, उनके लिए टिकाऊ आजीविका के रास्ते भी खुल रहे हैं।

एनएसकेएफडीसी के जरिए आर्थिक सशक्तिकरण

सुरक्षा और गरिमा के साथ-साथ आर्थिक सशक्तिकरण भी जरूरी है। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम (एनएसकेएफडीसी) इस दिशा में अहम भूमिका निभा रहा है। यह संस्था आय सृजन वाली गतिविधियों, उद्यमिता, कौशल विकास और सफाई से जुड़े वाहनों व उपकरणों को खरीदने के लिए रियायती दरों पर वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। एनएसकेएफडीसी, भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तहत कार्यरत एक उपक्रम है। वर्ष 2014-15 और 2025-26 के बीच, एनएसकेएफडीसी ने 2,383 करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता जारी की, जिससे देश भर में 3.42 लाख से अधिक लोगों को लाभ हुआ। इस सहायता के दायरे के बारे में पता वर्ष-दर-वर्ष के आधार पर होने वाले इसके विस्तार से चलता है। वर्ष 2014ङ्क15 में 19,000 से अधिक लाभार्थियों को 134 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी, जो 2025ङ्क26 में बढ़कर 223 करोड़ रुपये से अधिक हो गई और इससे लगभग 29,000 लोगों को लाभ हुआ। इन आंकड़ों की तह में ऐसे लोग और परिवार हैं जो बेहतर आर्थिक सुरक्षा की दिशा में बढ़ना चाहते हैं। रियायती दरों पर ऋण, पूंजीगत सब्सिडी और आजीविका में मदद देकर, एनएसकेएफडीसी लाभार्थियों को उत्पादक परिसंपत्तियां हासिल करने, अपना उद्यम स्थापित करने और आय के स्थायी स्रोत बनाने में मदद कर रहा है। आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा का एक ज़रूरी पूरक है। यह परिवारों को भविष्य की योजना बनाने, शिक्षा में निवेश करने और कठिन परिस्थितियों का सामना करने की बेहतर क्षमता विकसित करने में समर्थ बनाता है।

सफाई कर्मचारियों के योगदानों को मान्यता

सम्मान और मान्यता उतनी ही महत्वपूर्ण हैं, जितनी कि वित्तीय और संस्थागत सहायता। अपनी तरह के एक अहम आयोजन में, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (एनसीएसके) ने 23 अगस्त 2026 को नई दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में अपना 33वां स्थापना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में 900 से अधिक सफाई कर्मचारियों के साथ-साथ केन्द्र तथा राज्य सरकारों व केन्द्र-शासित प्रदेशों के प्रशासन, शहरी स्थानीय निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों, नागरिक समाज के संगठनों और अन्य हितधारकों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर, 250 सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। एनसीएसके का 2026 का वार्षिक कैलेंडर भी जारी किया गया। साथ ही, एनसीएसके की मिस्ड-कॉल सुविधा (80 4735 9520) भी शुरू की गई ताकि संबंधित लोग अपनी शिकायतों और बातों को दर्ज करा सकें। ऐसी पहलें इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि गरिमा को सिर्फ वित्तीय सहायता से नहीं मापा जा सकता। यह इस बात से भी झलकता है कि समाज जरूरी सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने वाले लोगों को कितनी मान्यता देता है, उनका कितना सम्मान करता है और उनकी बातें कितनी सुनता है।

सफाईमित्र सुरक्षा एवं सम्मान

हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में हाइब्रिड मोड में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के 'सफाईमित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर' में देश भर से 3,800 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी), ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) और संबंधित विभागों की भागीदारी, हमारे सफाईमित्रों के सम्मान, गरिमा और महत्व को बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इस राष्ट्रीय शिविर के दौरान, लाभार्थियों ने कुल 2,24,521 'नमस्ते' कार्ड डाउनलोड किए। जबकि, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक सुरक्षा लाभों तक पहुंच आसान बनाने हेतु 57,967 आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। इस शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत 1,53,253 पंजीकरण भी किए गए ताकि लाभार्थियों को कल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सके। पेशेगत सुरक्षा को बेहतर बनाने की कोशिश के तहत, इसमें शामिल जगहों पर सफ़ाई मित्रों को 1.28 लाख से अधिक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट वितरित किए गए।

सुरक्षा से अवसर की ओर

इसलिए, सफाई कर्मचारियों के कल्याण के प्रति सरकार का दृष्टिकोण व्यापक है। प्रोफाइलिंग से मान्यता हासिल होती है और लक्षित उपायों के लिए आधार बनता है। पीपीई और सुरक्षा उपकरण काम से जुड़े जोखिमों को कम करने में मदद करते हैं। स्वास्थ्य सेवा संबंधी कवरेज सामाजिक सुरक्षा का एक अहम जरिया है। मशीनीकरण से जोखिम भरे शारीरिक तरीकों पर निर्भरता कम होती है। कौशल विकास और वित्तीय सहायता से स्वरोजगार और उद्यमिता के अवसर सृजित होते हैं।

ये सभी उपाय मिलकर सफाई के काम के स्वरूप को ही बदलने का प्रयास कर रहे हैं।

लक्ष्य महज जोखिम भरे कार्य को थोड़ा सुरक्षित बनाना भर नहीं है। लक्ष्य जोखिम भरे तरीकों को खत्म करना, मशीनी एवं कुशल सफाई सेवाओं को बढ़ावा देना और गरिमापूर्ण आजीविका के रास्ते बनाना है।

सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण भविष्य का संकल्प

सफाई के काम में आमूल बदलाव का अंतिम उद्देश्य लोगों का कल्याण है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे समाज को साफ-सुथरा रखने के क्रम में किसी भी सफाई कर्मचारी को अपनी जान जोखिम में न डालनी पड़े। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक सुरक्षा, कामकाज की सुरक्षित परिस्थितियों और आर्थिक अवसरों को सुलभ कराना भी है। सबसे बढ़कर, इसका उद्देश्य उन सभी लोगों की गरिमा को मान्यता देना है जो हमारे देश की सफाई और भलाई में योगदान देते हैं। 'नमस्ते' और एनएसकेएफडीसी के वित्त-पोषण एवं आजीविका संबंधी कार्यक्रम इस बदलाव में महत्वपूर्ण साधन हैं। ये साधन सुरक्षा को सामाजिक सुरक्षा के साथ, मशीनीकरण को उद्यमिता के साथ और कल्याण को सशक्तिकरण के साथ जोड़ते हैं। अब जबकि भारत एक साफ-सुथरे, स्वस्थ और समावेशी भविष्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है, हमारा संकल्प अटूट रहना चाहिए- जो लोग हमारे देश को साफ रखते हैं, वे खुद भी सुरक्षा, गरिमा, संरक्षा और अवसरों से परिपूर्ण हों और अपना दायित्व सहजता से निभा पाएं।

(लेखक केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री हैं)

CMYK

page 3_Layout 1 10-10-2026 17:25 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ⟫ रविवार, 11 अक्तूबर 2026

सरस मेला हमारी समृद्ध विरासत, संस्कृति और पारंपरिक कलाओं का खूबसूरत संगम: नरिंदर कौर भराज

विधायक नरिंदर कौर भराज ने संगरूर में प्रबंधकीय टीम के साथ 'सरस मेला-2026' का किया औपचारिक शुभारंभ

डेली आवाज भारती



संगरूर, मोहिंदर सिंह : विधायक नरिंदर कौर भराज ने संगरूर के कैरों फैक्ट्री ग्राउंड, पटियाला बाईपास, यादविंद्रा होटल के सामने आयोजित 'सरस मेला-2026' में शिरकत की। उन्होंने पूरी प्रबंधकीय टीम के साथ मेले का औपचारिक शुभारंभ किया और मेले में पहुंचे क्षेत्रवासियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। जिला प्रशासन संगरूर द्वारा ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग, पंजाब के सहयोग से आयोजित यह मेला 20 अक्टूबर तक चलेगा। इस अवसर पर विधायक नरिंदर कौर भराज ने कहा कि सरस मेला हमारी समृद्ध विरासत, संस्कृति और पारंपरिक कलाओं का खूबसूरत संगम है। उन्होंने कहा कि ऐसे मेले लोगों को देश के विभिन्न क्षेत्रों की कला और संस्कृति से जोड़ने के साथ-साथ ग्रामीण दस्तकारों, कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों को अपने हुनर की पहचान बनाने के लिए महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। श्रीमती भराज ने कहा कि हाथों से तैयार किए गए उत्पादों में कारीगरों की मेहनत, रचनात्मकता और पीढ़ियों से चली आ रही कला की झलक दिखाई देती है। इन उत्पादों की खरीदारी करके लोग दस्तकारों की आय बढ़ाने और पारंपरिक हुनर को संरक्षित करने में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे मेले में लगे स्टॉलों पर पहुंचकर ग्रामीण दस्तकारों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार की गई वस्तुएं खरीदें और उनका हौसला बढ़ाएं। विधायक ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के लिए ऐसे मेले अपने उत्पाद सीधे खरीदारों तक पहुंचाने का बेहतरीन अवसर हैं। विशेष रूप से इन समूहों से जुड़ी महिलाओं को अपने हुनर के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत बनने और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण हुनर को बड़े बाजार से जोड़ने वाले ऐसे प्रयासों की सफलता में लोगों की भागीदारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मेले की पहली शाम प्रसिद्ध पंजाबी गायक कंवर ग्रेवाल ने अपनी गायकी से दर्शकों का मनोरंजन किया और मेले की रौनक को और बढ़ाया। श्रीमती भराज ने कहा कि सांस्कृतिक प्रस्तुतियां लोगों को पंजाबी संगीत और विरासत से जोड़ती हैं तथा नई पीढ़ी में अपनी कला और संस्कृति के प्रति रुचि पैदा करती हैं। उन्होंने बताया कि मेले में देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे दस्तकारों, कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा हाथों से तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री के लिए स्टॉल लगाए गए हैं। परिवारों और बच्चों के मनोरंजन के लिए जलपरी शो, पारंपरिक एवं आधुनिक झूले, फन गेम्स और कार सर्कस की व्यवस्था भी की गई है। विभिन्न व्यंजनों के फूड स्टॉल और सेल्फी पॉइंट भी मेले के प्रमुख आकर्षण हैं।

पी.ए.यू.-कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा पराली प्रबंधन के लिए जिला स्तरीय जागरूकता शिविर

- 150 से अधिक किसानों को पराली प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों के बारे में किया जागरूक : डॉ. मनदीप सिंह

डेली आवाज भारती



सुनीम, मोहिंदर सिंहः धान की पराली न जलाने के अभियान के तहत पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर द्वारा गांव छाजली, ब्लॉक सुनाम में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा सहकारी सभा, छाजली के सहयोग से जिला स्तरीय किसान जागरूकता शिविर लगाया गया। इस शिविर में 150 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. मनदीप सिंह, इंचार्ज, पी.ए.यू.-कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर ने किसानों को पराली जलाने से पर्यावरण, मिट्टी की सेहत और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि एक टन धान की पराली जलाने से 5.5 किलोग्राम नाइट्रोजन, 2.3 किलोग्राम फास्फोरस, 25 किलोग्राम पोटाश और 1.2 किलोग्राम सल्फर का नुकसान होता है। पराली जलाने से निकलने वाली हानिकारक गैसें पर्यावरण को प्रदूषित करती हैं और कई बीमारियों का कारण बनती हैं। उन्होंने किसानों से पराली को खेत में ही संभालने की तकनीकें अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पराली को खेत में मिलाने से मिट्टी में जैविक कार्बन बढ़ता है, मिट्टी की उपजाऊ शक्ति में सुधार होता है, खादों पर होने वाला खर्च कम होता है और फसल की पैदावार बढ़ती है। डॉ. मनदीप सिंह ने गेहूं की नई अधिक पैदावार वाली किस्म पी.बी.डब्ल्यू. 887 के बारे में भी जानकारी दी। यह किस्म पकने में 155 दिन लेती है और इसका औसत उत्पादन 24.60 क्विंटल प्रति एकड़ है। इसके अलावा उन्होंने पी.बी.डब्ल्यू. 872, पी.बी.डब्ल्यू. 826 तथा विशेष गुणवत्ता वाली किस्मों पी.बी.डब्ल्यू. जिंक 2, पी.बी.डब्ल्यू. 1 चपाती, पी.बी.डब्ल्यू. आर.एस. 1 और पी.बी.डब्ल्यू. 1 बिस्कुट के बारे में भी बताया। उन्होंने किसानों को रबी की दलहनी और तिलहनी फसलें उगाने तथा खादों का संतुलित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. सुनील कुमार, सहायक प्रोफेसर (फार्म मशीनरी) ने पी.ए.यू. द्वारा विकसित मशीनों–स्मार्ट सीडर, सुपर सीडर, सरफेस सीडर, हैप्पी सीडर, पलटाव हल, मल्चर और बेलर से पराली की गांठें बनाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने पराली को खेत में ही संभालने पर जोर दिया।

हरिद्वार में आंधी-ओलावृष्टि से फसलों और वाहनों को नुकसान, जिलाधिकारी ने दिए आकलन के निर्देश

डेली आवाज भारती



हरिद्वार में 9 अक्टूबर को आई आंधी और तेज ओलावृष्टि से फसलों, वाहनों और अन्य संपत्तियों को नुकसान पहुंचने की खबर सामने आई। अचानक बदले मौसम के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ। सड़कों पर खड़े कई वाहनों के शीशे टूटने और अन्य नुकसान की भी सूचना मिली। ओलावृष्टि के दौरान लोगों को बचाव के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर जाना पड़ा। घटना के बाद जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को नुकसान का आकलन करने, प्रभावित किसानों तक राहत पहुंचाने और क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द खुलवाने के निर्देश दिए। किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिलाने की बात भी कही गई है। हालांकि, नुकसान का कुल आंकड़ा और मुआवजे की अंतिम स्थिति आधिकारिक आकलन के बाद ही स्पष्ट होगी। आंधी और ओलावृष्टि के दौरान सड़कों पर खड़े कई वाहनों को नुकसान पहुंचने की खबर सामने आई। तेज ओले गिरने से कुछ वाहनों के शीशे टूटने की सूचना मिली। अचानक बदले मौसम के बीच लोगों को अपने वाहनों की सुरक्षा और खुद को ओलों से बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर जाना पड़ा। हालांकि, क्षतिग्रस्त वाहनों की कुल संख्या और नुकसान का आधिकारिक आंकड़ा अभी स्पष्ट नहीं है।

युद्ध नशों विरुद्ध अभियान के तहत डीआईजी, एसएसपी और एडीसी विकास ने विभिन्न हॉटस्पॉट क्षेत्रों का किया दौरा

नशों के खात्मे के लिए पुलिस और सिविल प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध

डेली आवाज भारती



युद्ध नशों के विरुद्ध अभियान के तहत डीआईजी, एसएसपी और एडीसी विकास विभिन्न हॉटस्पॉट क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब सरकार के अभियान 'युद्ध नशों विरुद्ध' के तहत आज डीआईजी फिरोजपुर रेंज स्नेहदीप शर्मा, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) कृष्णा पाल राजपूत और एसएसपी फिरोजपुर भूपिंदर सिंह सिद्धू द्वारा फिरोजपुर शहर के विभिन्न नशा हॉटस्पॉट इलाकों का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने इलाका वासियों से बातचीत करते हुए नशों के बुरे प्रभावों के बारे में जागरूक किया और नशों के खात्मे के लिए प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशों की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए लोगों की सक्रिय भागीदारी बहुत जरूरी है और समाज के सभी वर्गों को इस अभियान में अपना योगदान देना चाहिए। इस मौके पर अधिकारियों द्वारा राय सिख भवन का भी दौरा किया गया और खस्ताहालत में पड़ी इमारत की साफ-सफाई और मुरम्मत करवाकर इसे फिर से प्रयोग योग्य बनाने संबंधी बातचीत की गई। इसके उपरांत उन्होंने सिविल अस्पताल फिरोजपुर में स्थित नशा छुड़ाओ केंद्र का दौरा करके वहां दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार, पुलिस और सिविल प्रशासन नशों के खात्मे के लिए पूरी तरह तत्पर हैं और नशे की लत से पीड़ित व्यक्तियों को इलाज और पुनर्वास के माध्यम से समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए प्रयास जारी रहेंगे। इस दौरान डीआईजी फिरोजपुर रेंज स्नेहदीप शर्मा ने कहा कि नशों के विरुद्ध लड़ाई में पुलिस के साथ-साथ आम लोगों की भूमिका भी अहम है। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी संबंधी जानकारी पुलिस के साथ साझा की जाए और युवाओं को नशों से दूर रखने के लिए परिवारों और समाज को मिलकर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नशों की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए लोगों का सहयोग लिया जाएगा। इस मौके पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) कृष्णा पाल राजपूत ने कहा कि नशों की समस्या के समाधान के लिए जागरूकता, इलाज और सामाजिक सहयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि नशे की लत से पीड़ित व्यक्तियों को नफरत या भेदभाव के बजाय सहयोग देकर इलाज के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा नशों के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के साथ-साथ लोगों की समस्याओं को सुनने और आवश्यक समाधान के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर डीएसपी सुखविंदर सिंह, कार्यसाधक अफसर नगर कौंसिल नरेंद्र कुमार, एसएमओ निखिल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी भी उपस्थित थे।

श्री बांके बिहारी भगवत प्रचार समिति द्वारा सुदामा चरित्र एवं फूल होली महोत्सव तथा लक्सोटिक होम्स मे नाम दीक्षा कार्यक्रम भव्य रूप से सम्पन्न

डेली आवाज भारती



जालंधर/बलजीत सिंहः श्री बांके बिहारी भगवत प्रचार समिति द्वारा आयोजित चल रही श्रीमद् भागवत कथा का अंतिम दिवस अत्यंत भावपूर्ण, आध्यात्मिक उत्कर्ष और सांस्कृतिक उल्लास से परिपूर्ण रहा। परम श्रद्धेय आचार्य श्री गौरव कृष्ण गोस्वामी जी महाराज ने सुदामा चरित्र का दिव्य एवं मार्मिक वर्णन प्रस्तुत करते हुए जीवन में मन की शांति को सर्वोपरि बताया।आचार्य श्री ने कहा कि– ÷अशांत व्यक्ति कभी सुखी नहीं रह सकता। धन, ऐश्वर्य और भौतिक साधन सुख की गारंटी नहीं हैं; वास्तविक सुख शांति, संतोष और प्रभु-स्मरण में है।÷सुदामा चरित्र का उदाहरण देते हुए महाराज श्री ने बताया कि यद्यपि सुदामा जी के जीवन में धन का अभाव था, किन्तु वे नाम-धन से सम्पन्न और मन से पूर्णत: शांत थे। सुशीला जी द्वारा प्रेम से अर्पित किए गए चार मुट्ठी चावल उनके निर्मल भाव का प्रतीक थे, जिन्हें श्रीकृष्ण ने अत्यंत आदरपूर्वक स्वीकार कर उन्हें अपार कृपा एवं ऐश्वर्य प्रदान किया।महाराज श्री ने संदेश दिया कि सम्मान अमीरी से नहीं, बल्कि ईमानदारी, सज्जनता और उच्च चरित्र से मिलता है। प्रभु को वस्तु नहीं, भाव चाहिए। कथा स्थल पर आज आयोजित फूल होली महोत्सव विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। आचार्य श्री के मधुर भजनों होली खेल रहे बांके बिहारी÷÷बांके बिहारी को देख छटा मेरे मन है गयो लटा-पटा÷÷की मधुर ध्वनि से सम्पूर्ण वातावरण राधाङ्कृष्णमय हो उठा। पुष्प-वर्षा के बीच हज़ारों भक्तों ने दिव्य उत्सव का आनंद लिया।लक्सोटिक होम्स द्वारा भी आचार्य श्री गौरव कृष्ण गोस्वामी जी महाराज के पावन सान्निध्य में एक अत्यंत पवित्र एवं भावपूर्ण नाम दीक्षा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नाम दीक्षा ग्रहण की। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण भक्ति, शांति और आध्यात्मिक आनंद से ओत-प्रोत रहा। सभी सहभागी अपने भीतर एक दिव्य अनुभूति और आशीर्वाद लेकर लौटे। दिनभर के आयोजन–सुदामा चरित्र, फूल होली महोत्सव और नाम दीक्षा–तीनों ने मिलकर भक्ति, संस्कृति और अध्यात्म का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया।*इस आयोजन में विशेष सहयोग रहा÷ यशपाल चौधरी, अभिषेक चौधरी, बृजेश कुमार जुनेजा, सुनील नय्यर, उमेश औहरी, संदीप मलिक, चंदन वडेरा, ब्रिज मोहन चड्ढा, पंडित श्री कपिल देव शर्मा, संदीप कुमार, पाली पाजी,गुरविंदर सिंहलंगर वितरित करने की सेवाशहीद बाबा निहाल सिंह लंगर सेवा सोसाइटी, तल्हण परमजीत सिंह (मुख्य सेवादार) अवतार सिंह, लाडी, इंद्रजीत सिंह जतिंदर सिंह,भाई घनैया जूता सेवासतपाल सिंह सिदकी (प्रधान जी) जसविंदरसिंह, रविंदरसिंह, जशनजोत सिंह,राजिंदर सिंह गोल्डी द्वारा की गई

विश्व पैलिएटिव केयर दिवस पर डॉ. रुचि सिंह गौर ने दिया विशेष व्याख्यान

डेली आवाज भारती



लुधियाना/बलजीत सिंहः विश्व पैलिएटिव केयर दिवस के अवसर पर मोहंदाई ओसवाल कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं अस्पताल, लुधियाना में अमृतकेयरगिवर्स एनजीओ की संस्थापक डॉ. रुचि सिंह गौर ने ÷पैलिएटिव केयर ङ्क आज के समय की आवश्यकता÷ विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। इस अवसर पर डॉ. रुचि सिंह गौर ने पैलिएटिव केयर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गंभीर बीमारियों, कैंसर, पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं और असहनीय दर्द से जूझ रहे मरीजों के जीवन को बेहतर बनाने में पैलिएटिव केयर की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसका उद्देश्य केवल बीमारी का उपचार करना ही नहीं, बल्कि मरीज को दर्द से राहत, मानसिक एवं भावनात्मक सहयोग तथा गरिमापूर्ण जीवन प्रदान करना भी है। उन्होंने कहा कि पैलिएटिव केयर केवल मरीज की देखभाल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मरीज और उसके परिवार दोनों को सहारा देने की एक संवेदनशील एवं मानवीय प्रक्रिया है। इसमें मरीज की शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं का ध्यान रखा जाता है। डॉ. रुचि सिंह गौर ने नर्सिंग विद्यार्थियों को संवेदनशीलता, करुणा और मानवीय दृष्टिकोण के साथ मरीजों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारत में पैलिएटिव केयर के प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की मांग है, ताकि गंभीर बीमारी से पीड़ित प्रत्येक व्यक्ति को उचित देखभाल, सम्मान और बेहतर जीवन गुणवत्ता मिल सके। इस अवसर पर डॉ. रुचि सिंह गौर ने डॉ. नरेश आनंद एवं कॉलेज के प्रिंसिपल का उन्हें आमंत्रित करने तथा पैलिएटिव केयर जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार साझा करने का अवसर प्रदान करने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक आयोजन स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विद्यार्थियों में संवेदनशीलता और मरीज-केंद्रित देखभाल की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सरपंच यूनियन ऑफ पंजाब की ब्लॉक माजरी में बैठक, मानभत्ते और स्वास्थ्य बीमा सहित रखीं प्रमुख मांगें

डेली आवाज भारती



माजरी / मोहाली (हरतेज सिंह तेजी) सरपंच यूनियन ऑफ पंजाब जिला मोहाली की ब्लॉक माजरी इकाई द्वारा सरपंचों की समस्याओं और उनके अधिकारों की बहाली को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक के दौरान पंचायतों और सरपंचों को आ रही विभिन्न कठिनाइयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा सरकार के समक्ष कई प्रमुख मांगें रखी गईं। स्वास्थ्य बीमा सुविधा- सरपंचों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जाए।

जीएसटी में पारदर्शिता: पंचायती कार्यों में जीएसटी (त्रस्ङ्क) की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता लाई जाए। **कड़े कानून और एफआईआरः** पंचायती व सरकारी विकास कार्यों में रुकावट डालने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने की धाराओं के तहत तुरंत मामला दर्ज किया जाए।

नए पदाधिकारियों को सौंपे गए नियुक्ति पत्रः

बैठक के दौरान सरपंच यूनियन ऑफ पंजाब (मोहाली) के कार्यकारी अध्यक्ष सतनाम सिंह टाडा की मौजूदगी में नए पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र बांटे गए।

नई नियुक्तियां इस प्रकार हैं:

संरक्षक (Patron): तेजवीर सिंह (सरपंच)अध्यक्ष (President): दलवीर सिंह (सरपंच) उपाध्यक्ष (Vice President): जसप्रीत कौर झिंगड़ां महासचिव (General Secretary): गुरदीप सिंह (सरपंच) कैशियर (Cashier): जुझार सिंह कोऑर्डिनेटर एवं प्रेस सचिव- लखवीर सिंह (सरपंच) इस अवसर पर विभिन्न गांवों के सरपंच भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। नव-नियुक्त पदाधिकारियों ने एकजुटता व्यक्त करते हुए कहा कि यूनियन हमेशा सरपंचों के हकों और पंचायतों के कल्याण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगी।

लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने विधानसभा हलका जंडियाला गुरु से 67वीं तीर्थ यात्रा बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

गांव वडाली डोगरां की संगत श्री आनंदपुर साहिब, श्री कीरतपुर साहिब और श्री नैना देवी धाम के करेगी दर्शन

- मान सरकार ने बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा करने की मनोकामना पूरी की

डेली आवाज भारती



जंडियाला गुरु/अमृतसर, अक्टूबर (सलोनी नेहा गिल) – पंजाब के लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने आज विधानसभा हलका जंडियाला गुरु के गांव वडाली डोगरां से हलके की 67वीं तीर्थ यात्रा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस बस के माध्यम से संगत को श्री आनंदपुर साहिब, श्री कीरतपुर साहिब और श्री नैना देवी धाम के दर्शन करवाए जाएंगे। संगत को रवाना करने के अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत प्रदेशवासियों को विभिन्न धार्मिक स्थलों के निःशुल्क दर्शन करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मान सरकार ने तीर्थ यात्रा योजना शुरू करके बुजुर्गों की तीर्थ स्थलों के दर्शन करने की मनोकामना पूरी की है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा पूरी तरह निःशुल्क है। यात्रियों को धार्मिक स्थलों तक ले जाने और वापस लाने के अलावा यात्रा के दौरान रहने-खाने सहित अन्य आवश्यक प्रबंध भी पंजाब सरकार द्वारा किए जाते हैं, ताकि हर वर्ग के लोग बिना किसी आर्थिक बोझ के अपनी धार्मिक आस्था के अनुसार तीर्थ स्थलों के दर्शन कर सकें। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि अब तक प्रदेशभर में पांच लाख से अधिक श्रद्धालु विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों से धार्मिक स्थलों के लिए तीर्थ यात्रा बसें रवाना हो रही हैं। इसी कड़ी में आज विधानसभा हलका जंडियाला गुरु से 67वीं तीर्थ यात्रा बस रवाना की गई है। तीर्थ यात्रा करने वाले बुजुर्गों द्वारा भी पंजाब सरकार की इस पहल की सराहना की जा रही है। उनका मानना है कि सरकार ने उन्हें तीर्थ स्थलों के दर्शन करवाकर 'श्रवण पुत्र' की भूमिका निभाई है।

page 4_Layout 1 10-10-2026 18:03 Page 1

विधायक नरिंदर कौर भराज ने गांव थलेसा और हरकिशनपुरा में 'मेरा घर, मेरे नाम' योजना के तहत बांटे प्रॉपर्टी कार्ड

घरों के मालिकाना हक का दस्तावेजी रिकॉर्ड मिलने से परिवारों को मिलेगा सुरक्षा और भरोसे का एहसास: नरिंदर कौर भराज

डेली आवाज भारती



संगरूर, मोहिंदर सिंह। विधानसभा हलका संगरूर की विधायक श्रीमती नरिंदर कौर भराज ने गांव थलेसा और हरकिशनपुरा में 'मेरा घर, मेरे नाम' योजना के तहत लोगों को प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अपने घर के मालिकाना हक का दस्तावेजी रिकॉर्ड हर परिवार के लिए महत्वपूर्ण है। यह योजना लोगों को उनके घरों की स्पष्ट पहचान उपलब्ध करवाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। श्रीमती भराज ने कहा कि अपना घर हर व्यक्ति की मेहनत, पारिवारिक यादों और भविष्य की उम्मीदों से जुड़ा होता है। घर के मालिकाना हक से संबंधित दस्तावेज मिलने से परिवारों को भरोसा मिलता है और संपत्ति के रिकॉर्ड में स्पष्टता आती है। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी कार्डों के वितरण से गांवों के लोगों को अपने घरों के मालिकाना हक से संबंधित रिकॉर्ड संभालने में सुविधा मिलेगी। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के साथ-साथ लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से पहुंचाना भी उनकी प्राथमिकता है। श्रीमती नरिंदर कौर भराज ने कहा कि 'मेरा घर, मेरे नाम' योजना का लाभ हर योग्य परिवार तक पहुंचाने के लिए संबंधित विभागों और गांववासियों के बीच निरंतर तालमेल जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना से संबंधित लोगों के सवालों और रिकॉर्ड से जुड़े मामलों का समय पर निपटारा किया जाए तथा जरूरी जानकारी सरल तरीके से उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने प्रॉपर्टी कार्ड प्राप्त करने वाले लोगों से अपील की कि वे इन दस्तावेजों को सुरक्षित रखें और उनमें दर्ज विवरण को ध्यानपूर्वक पढ़ें। किसी भी विवरण के संबंध में स्पष्टीकरण या संशोधन की जरूरत होने पर संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें। विधायक ने कहा कि हलका संगरूर के गांवों में लोगों की जरूरतों के अनुसार विकास कार्य करवाने और सरकारी सेवाओं की पहुंच बेहतर बनाने के प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए वह लगातार उनके संपर्क में रहेंगी।

कंग ने अनाज मंडी खरड़ में धान की फसल की आमद का लिया जायजा

- खरड़ मंडी छोटी होने के कारण अतिरिक्त फड़ बनाने की सख्त जरूरत: जगमोहन सिंह कंग

डेली आवाज भारती



खरड़/संदीप अकालगढ़िया। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब के पूर्व मंत्री सरदार जगमोहन सिंह कंग ने अनाज मंडी खरड़ का दौरा कर धान की फसल की आमद और खरीद प्रबंधों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों और आढ़ती भाइयों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों और आढ़तियों ने पूर्व मंत्री को बताया कि पुरानी अनाज मंडी खरड़ में फड़ बहुत छोटे हैं, जिसके कारण धान की फसल की आमद बढ़ने पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि पुरानी अनाज मंडी के नजदीक किसी उपयुक्त स्थान पर अतिरिक्त फड़ बनवाए जाएं, ताकि किसानों और आढ़तियों को राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि पहले गांव चोलटां में पंचायत की जमीन पर फड़ बनाने का प्रस्ताव भी था, लेकिन वह सिरे नहीं चढ़ सका। इसके बाद गांव झंजेड़ी में अस्थायी फड़ बनाया गया था। इस दौरान किसानों और आढ़तियों ने मंडी में धान की लिफ्टिंग की धीमी गति पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बार-बार बारिश होने और मौसम खराब रहने के कारण किसान अपनी फसल को नुकसान से बचाने के लिए गीली फसल मंडी में लाने को मजबूर हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), पनग्रेन, पनसप सहित अन्य सरकारी खरीद एजेंसियां धान की खरीद करने से परहेज करती हैं, जिससे किसानों को परेशानी झेलनी पड़ती है। जानकारी के अनुसार, धान की फसल की आमद अभी शुरुआती दौर में ही है, लेकिन अब तक खरड़ अनाज मंडी में लगभग 56,000 क्विंटल धान पहुंच चुका है। किसानों ने इस बार केंद्र सरकार द्वारा गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में केवल 25 रुपये प्रति क्विंटल और धान के एमएसपी में 71 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह बढ़ोतरी खेती की बढ़ती लागत के मुकाबले नाकाफी है और किसानों के लिए लाभकारी नहीं है।

खरड़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की संगठनात्मक गतिविधियां तेज, जीती पड़ियाला ने सिंहपुरा में की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की

डेली आवाज भारती



कुराली, संदीप अकालगढ़िया। खरड़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी मोहाली के पूर्व अध्यक्ष रणजीत सिंह जीती पड़ियाला ने गांव सिंहपुरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर विचार-विमर्श किया गया तथा पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए रणजीत सिंह जीती पड़ियाला ने पंजाब सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब की मौजूदा सरकार भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी हुई है, जबकि सत्ता में आने से पहले सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने के बड़े-बड़े वादे किए थे।

जीती पड़ियाला ने कहा कि मुख्यमंत्री को लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की भूमिका केवल चुटकुले सुनाकर लोगों को खुश करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। पंजाब के लोगों को मनोरंजन से अधिक रोजगार, नशों से मुक्ति, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विकास की जरूरत है। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों के संबंध में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी खरड़ विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी की संगठनात्मक मजबूती और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता आगामी चुनावों के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर सुखदेव सिंह पूर्व सरपंच बरौली, जसप्रीत सिंह पूर्व सरपंच बदनपुर, कुलदीप सिंह सरपंच सिंहपुरा, चंदनप्रीत सिंह मंगी, जसबीर सिंह और दर्शन सिंह सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर रायत-बाहरा यूनिवर्सिटी में पैनल चर्चा आयोजित

विद्यार्थियों को मानसिक तनाव नजरअंदाज न करने, समय पर सहायता लेने और नशों से दूर रहने की विशेषज्ञों ने की अपील

डेली आवाज भारती



खरड़ ,संदीप अकालगढ़िया। ,सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंजाब द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत रायत-बाहरा यूनिवर्सिटी, खरड़ में 'मानसिक स्वास्थ्य और नशे की मांग को कम करना' विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों और विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, नशों के दुष्प्रभावों तथा युवाओं को नशों से दूर रखने के संबंध में अपने विचार साझा किए। चर्चा के दौरान मनोवैज्ञानिक प्रनीत कौर, मनोचिकित्सक डॉ. सुखतेज साहनी, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मेहुल सैनी और बाइकर शिवानी चौहान ने कहा कि नशे की लत को केवल शारीरिक समस्या के रूप में नहीं देखना चाहिए, क्योंकि इसके साथ मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक कारक भी जुड़े होते हैं। तनाव, अकेलापन, बुरी संगत और व्यक्तिगत समस्याएं कई बार व्यक्ति को नशों की ओर धकेल सकती हैं। इसलिए नशे की रोकथाम के लिए मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, पारिवारिक सहयोग और समय पर विशेषज्ञों की सहायता लेना बेहद जरूरी है। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने मानसिक स्वास्थ्य को गंभीरता से लें तथा किसी भी प्रकार के मानसिक तनाव, निराशा या भावनात्मक परेशानी को छिपाने के बजाय अपने माता-पिता, शिक्षकों अथवा किसी भरोसेमंद व्यक्ति के साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि नशे से दूर रहना, नशा करने के लिए दोस्तों के दबाव में न आना और किसी साथी में नशे के लक्षण दिखाई देने पर उसका मजाक उड़ाने या उसे अकेला छोड़ने के बजाय उचित सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है। विशेषज्ञों ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे विद्यार्थियों को बिना किसी झिझक के मनोवैज्ञानिक, परामर्शदाता या स्वास्थ्य विशेषज्ञ की सहायता लेनी चाहिए। सहायता मांगना कमजोरी नहीं, बल्कि अपने स्वास्थ्य और भविष्य के प्रति जिम्मेदारी का परिचायक है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, खेलों और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने तथा अपने आसपास सकारात्मक वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। पैनल चर्चा के दौरान शिवानी चौहान और मेहुल सैनी ने सोशल मीडिया के विवेकपूर्ण उपयोग के महत्व पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक, दोनों प्रकार के प्रभाव होते हैं। इसलिए कोई भी पोस्ट, टिप्पणी या सामग्री साझा करने से पहले उसके संभावित प्रभाव के बारे में विचार करना चाहिए तथा ऐसी सामग्री से बचना चाहिए, जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुंच सकती हो। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने विचार स्वस्थ तरीके से व्यक्त करने और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। अंत में विशेषज्ञों ने कहा कि नशे के विरुद्ध लड़ाई केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि विद्यार्थियों, माता-पिता, शिक्षकों और समाज के सामूहिक सहयोग से ही सफल हो सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नशों से दूर रहें, अपने साथियों को भी जागरूक करें और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए समय पर सहायता लेकर स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान दें। इस पैनल चर्चा से पहले, चप्पड़ चिड़ी स्थित फतेह बुर्ज से मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत सिंह मान द्वारा रवाना की गई 'युद्ध नशे के विरुद्ध' बाइक रैली के सवारों के रायत-बाहरा यूनिवर्सिटी पहुंचने पर स्वागत किया गया। रैली के समापन के अवसर पर बाइक सवारों ने भी पैनल चर्चा में भाग लिया।

पुलिस को मिली बड़ी सफलता

12 किलो भुक्की (चूरा पोस्त) सहित दो आरोपी गिरफ्तार





डेली आवाज भारती

खरड़/माजरी: (हरतेज सिंह तेजी) : पंजाब सरकार द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत थाना माजरी (खरे) पुलिस ने एक बे ी कामयाबी हासिल करते हुए 12 किलो भुक्की (चूरा पोस्त) समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एएसआई पवन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस पार्टी खिजराबाद से कुबाहे ी रोड पर गश्त कर रही थी। इस दौरान दो व्यक्ति हाथ में कट्टा (थैला) उठाए हुए आते दिखाई दिए। पुलिस पार्टी को देखकर दोनों घबरा गए और थैले को झाड़ियों में फेंककर मौके से भागने की कोशिश करने लगे। शक होने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को मौके पर ही दबोच लिया। झाड़ियों में फेंके गए थैले की तलाशी लेने पर उसमें से 12 किलो भुक्की (चूरा पोस्त) बरामद हुई।

रिमांड पर लेकर पुलिस कर रही है पूछताछ

पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान गुरविंदर सिंह और मंगत खिजराबाद के रहने वाले के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को माननीय अदालत में पेश किया, जहां से अदालत ने उन्हें 1 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर रही है कि वे यह भारी मात्रा में नशीला पदार्थ कहां से लेकर आए थे और इसे आगे कहां सप्लाई किया जाना था।

सीबीआई ने सीएम मान के ओएसडी के घर चिपकाया दूसरा नोटिस, बिक्रम सिंह मजीठिया ने साधा निशाना

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के ओएसडी राजबीर घुमन के मामले में नया मोड़ आ गया है। सीबीआई ने घड़ाचों स्थित उनके घर पर दूसरा नोटिस चिपकाया है। इस मामले को लेकर शिरोमणि अकाली दल के महासचिव बिक्रम सिंह मजीठिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सरकार पर निशाना साधा है। बिक्रम सिंह मजीठिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर पोस्ट करते हुए लिखा, फ्रसीबीआई ने गुरु दोखी के ओएसडी राजबीर घुमन के घड़ाचों वाले घर पर दूसरा नोटिस चिपकाया है। नोटिस दीवार पर लगा है लेकिन ओएसडी फरार है। सीएम भगवंत मान के करीबी सहयोगी पर अरबों रुपए की रिश्वत लेने का आरोप है और वह फरार है। अगर वह वास्तव में ईमानदारी में पक्का विश्वास रखता है, तो वह सीबीआई मुख्यालय में पेश क्यों नहीं होता? अगर उसने कुछ नहीं छिपाया है तो वह किस बात से डर रहा है।

कांग्रेस भवन चंडीगढ़ में होने वाले समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें: जगमोहन सिंह कंग

डेली आवाज भारती



कुराली, संदीप अकालगढ़िया। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब के पूर्व मंत्री सरदार जगमोहन सिंह कंग ने एक बयान जारी कर कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों से 11 अक्टूबर को चंडीगढ़ स्थित पंजाब कांग्रेस भवन में आयोजित होने वाले समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। सरदार जगमोहन सिंह कंग ने कहा कि कांग्रेस हाईकमान द्वारा हाल ही में पंजाब के पूर्व मंत्री एवं विधायक सरदार परगट सिंह को पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष सरदार परगट सिंह 11 अक्टूबर 2026, दिन रविवार को सुबह 10 बजे पंजाब कांग्रेस भवन, सेक्टर-15, चंडीगढ़ में औपचारिक रूप से अपना पदभार संभालेंगे। उन्होंने बताया कि इस समारोह में दिल्ली से पंजाब कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी विशेष रूप से शामिल होंगे। पूर्व मंत्री कंग ने विशेष तौर पर खरड़ और मोरिंडा विधानसभा क्षेत्रों के अपने सभी शुभचिंतकों, कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों से अपील की कि वे अपने साथियों सहित इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और निर्धारित समय पर पंजाब कांग्रेस भवन, चंडीगढ़ पहुंचें।उन्होंने कहा कि सभी साथी इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के पदभार संभालने के समारोह में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी हो सके।

प्रेस क्लब बटाला लेजेंड पत्रकार समुदाय की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध : प्रधान योगेश बेरी

प्रेस क्लब बटाला लेजेंड में पांच नए सदस्य शामिल

डेली आवाज भारती



बटाला, अमनदीप संधू) – प्रेस क्लब बटाला लेजेंड की एक विशेष बैठक बीती रात स्थानीय बटाला क्लब में क्लब के प्रधान योगेश बेरी के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान पत्रकार समुदाय की समस्याओं, क्लब की गतिविधियों और समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन राजिंदर दरदी, नीरज लूथरा, नितिन लूथरा, अमरजीत क्वात्रा, राकेश रेखी, अजय रेखी, रमेश नोना, सुखदेव सिंह, श्याम तिवारी, सौरव उप्पल और विक्की मलिक सहित अन्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए क्लब के प्रधान योगेश बेरी ने कहा कि प्रेस क्लब बटाला लेजेंड पत्रकार समुदाय की भलाई और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार काम कर रहा है। क्लब का मुख्य उद्देश्य समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों को सरकार और प्रशासन के ध्यान में लाना तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा करने के साथ-साथ उनकी बेहतरी के लिए प्रयास करना है।

उन्होंने बताया कि क्लब की गतिविधियों और उद्देश्यों से प्रभावित होकर सुखजीत सिंह, रवि तिवारी, भोपाल सिंह, सोनू चौहान, जस्सी और लक्की क्लब के साथ जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि क्लब में शामिल होने वाले नए सदस्यों को उचित मान-सम्मान दिया जाएगा और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि क्लब भविष्य में भी पत्रकार समुदाय की बेहतरी के लिए इसी तरह काम करता रहेगा। क्लब के चेयरमैन राजिंदर दरदी ने कहा कि पत्रकार समाज से जुड़ी समस्याओं और आम लोगों की परेशानियों को सरकार तथा प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पत्रकारों का कर्तव्य है कि वे जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएं, ताकि संबंधित समस्याओं का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि पत्रकार समुदाय की एकता और आपसी सहयोग से समाज कल्याण के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। इस अवसर पर क्लब में शामिल हुए नए सदस्यों ने पदाधिकारियों को विश्वास दिलाया कि वे क्लब की ओर से सौंपी गई प्रत्येक जिम्मेदारी को पूरी मेहनत और ईमानदारी से निभाएंगे।

बेटी का सपना, देश का भविष्य-अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल द्वारा विचार-चर्चा आयोजित

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): लड़कियों के लिए समान अवसर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सहयोगपूर्ण वातावरण के महत्व को उजागर करते हुए विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल फिरोजपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शनिवार को बेटी का सपना, देश का भविष्य विषय पर एक विचार-चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षित करो, सक्षम बनाओ, मंजिल तक पहुंचाओ विषय के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम ने लड़कियों की आकांक्षाओं और उनकी क्षमताओं को साकार करने के लिए व्यावहारिक कदमों पर चर्चा करने का मंच प्रदान किया। इस मौके पर विद्यालय की मुख्य संरक्षक प्रभा भास्कर ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि विद्यालय की सचिव डॉली भास्कर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस पहल की रूपरेखा डॉली भास्कर द्वारा तैयार की गई थी। उन्होंने इस कार्यक्रम को लड़कियों की आकांक्षाओं और समाज के निर्माण में उनकी भूमिका पर सार्थक विचार-विमर्श के मंच के रूप में परिकल्पित किया। विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या शिप्रा नारूला ने मंच पर उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। इस विचार-चर्चा में मोगा की व्यक्तित्व विकास मार्ग दर्शक श्रीमती भवदीप कोहली, प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.रिचा डेविड, महिला प्रकोष्ठ की थाना प्रभारी निरीक्षक सुखबीर कौर तथा साइबर प्रकोष्ठ के प्रभारी ने भाग लिया। उन्होंने व्यक्तित्व विकास, स्वास्थ्य देखभाल, व्यक्तिगत सुरक्षा और लैंगिक समानता से संबंधित अपने विचार साझा किए। अपने संबोधन के दौरान शिप्रा नारूला ने छात्राओं की क्षमताओं को निखारने और उन्हें अपने चुने हुए क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर नेतृत्व करने के लिए तैयार करने हेतु विद्यालय द्वारा की जा रही पहलों की जानकारी दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि विद्यालय का दृष्टिकोण केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है, जिसमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, स्वतंत्र चिंतन, संवाद कौशल और निर्णय लेने की योग्यता को विशेष महत्व दिया जाता है। उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, खेल, उद्यमिता, कला और सार्वजनिक नेतृत्व सहित विभिन्न क्षेत्रों में लड़कियों को अपनी रुचियों को तलाशने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के अवसर प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया। समान भागीदारी को प्रोत्साहित करके, व्यक्तिगत आकांक्षाओं को पहचान देकर और सहयोगपूर्ण शिक्षण वातावरण उपलब्ध करवाकर, विद्यालय अपनी छात्राओं को लैंगिक रूढि ों और सामाजिक सीमाओं से मुक्त होकर राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आत्मविश्वास के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार करने का प्रयास करता है। व्यक्तित्व विकास पर चर्चा करते हुए, भवदीप कोहली ने जोर दिया कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है। आत्मविश्वास, प्रभावी संवाद, सकारात्मक सोच और बदलती परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने की क्षमता भी समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विद्यालय के मूल दृष्टिकोण–आत्मविश्वास, संवाद, जिज्ञासा और निरंतरता की सराहना करते हुए इन्हें चरित्र निर्माण के आवश्यक स्तंभ बताया। उन्होंने समझाया कि आत्मविश्वास विद्यार्थियों को अपने विचार व्यक्त करने में सक्षम बनाता है, संवाद उन्हें दूसरों से जुड़ने में सहायता करता है, जिज्ञासा निरंतर सीखने के लिए प्रेरित करती है और निरंतरता आकांक्षाओं को उपलब्धियों में बदल देती है।

page 5_Layout 1 10-10-2026 20:17 Page 1

संगरूर महा रैली के लिए कर्मचारी व पेंशनरों के काफिले हुए रवाना

संगरूर महा रैली में हुआ लाखों का जमावड़ा : कर्मचारी नेता

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): कर्मचारी व पेंशनर संयुक्त तालमेल समिति के आह्वान पर संगरूर में की जा रही महा रैली में फिरोजपुर से भारी संख्या में कर्मचारी व पेंशनर किशन चंद जागोवालिया व तरसेम बेदी के नेतृत्व में काफिले के रूप में रवाना हुए। इस समय नेताओं ने बताया कि विधानसभा चुनावों के मौके पर आप नेताओं द्वारा कर्मचारियों व पेंशनरों से किए वादे पूरे नहीं किए, बल्कि हक मांग रहे कर्मचारियों व पेंशनरों को पानी की बौछारों व लाठियों से नवाजा जा रहा है, मुख्यमंत्री द्वारा 18 सितंबर को संयुक्त तालमेल समिति के साथ किए वादे के अनुसार अक्तूबर महीने के पहले हफ्ते में मीटिंग का समय



संगरुर रैली में शामिल हुए सैकड़ों कर्मचारियों व पेंशनरों की तस्वीर।

नहीं दिया। जिस कारण कर्मचारियों व पेंशनरों में भारी रोष है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि महंगाई भत्ता केंद्र के कर्मचारियों के बराबर 60 प्रतिशत दिया जाए, छठे वेतन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार 1-1- 2016 से पहले सेवानिवृत्त पेंशनरों की पेंशन 2.59 के फार्मूले के अनुसार संशोधित की जाए, पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की जाए, 17-7-2020 और 15-1-2015 के पत्र रद्द किए जाएं, मान भत्ते पर काम कर रहे कर्मचारियों के मान भत्तों में वृद्धि की जाए, महा रैली में पंजाब भर से लाखों की संख्या में विभिन्न विभागों के कर्मचारी व पेंशनर शामिल हुए। रैली में प्रताप सिंह ढिल्लों, डा.प्रदीप राणा, नरेश सैनी, रणबीर सिंह कुक्कू, बलबीर सिंह, जोगिंदर सिंह, ज्ञान सिंह, जसपाल सिंह, बीकर सिंह, रमेश भट्टी, मंगल सिंह, ओम प्रकाश, मलुका, विजय गक्खड़, मुख्तैयार सिंह, चमकौर सिंह, गुरनाम सिंह शामिल हुए।

कबड्डी जैसे खेल युवाओं को नशे से दूर रखकर खेल संस्कृति से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं : दलवीर सिंह ढिल्लों

- शेरपुर सोढियां गांव में आयोजित हुआ संगरूर कबड्डी लीग सीजन-2 का फाइनल मुकाबला
- चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह, अंतरराष्ट्रीय कबड्डी क्लबों के बीच शो-मैच भी करवाया

डेली आवाज भारती



धूरी/शेरपुर सोढियां, मोहिंदर सिंह : धूरी विधानसभा क्षेत्र के गांव शेरपुर सोढियां में संगरूर कबड्डी लीग सीजन-2 का फाइनल मुकाबला और अंतरराष्ट्रीय कबड्डी क्लबों के बीच शो-मैच बड़े उत्साह और धूमधाम से आयोजित किया गया। इस खेल समारोह में पंजाब लघु उद्योग एवं निर्यात निगम (पी.एस.आई.ई.सी.) के चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने विशेष रूप से शिरकत की, जबकि काउंसलर पुष्पिंदर शर्मा भी मौजूद रहे। इस अवसर पर चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया और टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कबड्डी पंजाब की समृद्ध खेल विरासत का अहम हिस्सा है। ऐसे खेल मुकाबले युवाओं में खेलों के प्रति रुचि पैदा करने के साथ-साथ उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए खेलों से जोड़ना बेहद जरूरी है। गांवों में आयोजित होने वाले ऐसे खेल मेले युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं और आपसी भाईचारे तथा सामाजिक एकता को भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों को प्रोत्साहित करने में सामाजिक संस्थाओं, ग्राम पंचायतों और खेल क्लबों की भूमिका सराहनीय है। ऐसे सामूहिक प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को और मजबूती मिलती है तथा युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के अवसर मिलते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, खेल प्रेमी और अन्य प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं।

15वां वार्षिक श्री सालासर धाम के लिए लंगर सामग्री का ट्रक रवाना

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): शहर की श्री बाला जी सेवा संघ द्वारा हर साल की तरह इस साल भी शहर वासियों के सहयोग से श्री सालासर धाम में लंगर लगाने के लिए ट्रक को रवाना किया गया। इस मौके पर पंडित प्रवीण द्वारा पूरी विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और नारियल को तोड़कर प्रसाद संगत में बांटकर ट्रक को रवाना किया गया। जानकारी देते हुए श्री बाला जी सेवा संघ एंड चैरिटेबल सोसायटी (रजि.) के सदस्य प्रिंस गलहोत्रा, टिंकू गिरधर, रमेश कुमार, अंकुश मोंगा, कपिल धिंगड़ा, गौरव कामरा, रमन कुमार, पम्मा सिकरी, अमन और अन्य सदस्यों ने बताया कि उनके द्वारा पिछले कई सालों से शहर वासियों के सहयोग से श्री बाला जी सालासर धाम में लंगर



श्री सालासर धाम के लिए ट्रक को रवाना करते हुए भक्त जन।

लगाया जा रहा है और आज इसी कड़ी के तहत भक्तों द्वारा श्री मुक्तसर साहिब बाई पास रोड पर स्थित बाला जी के कार्यालय से 15वें विशाल भंडारे के लिए ट्रक को रवाना किया गया है। बाला जी के भक्तों ने जय श्री राम-जय श्री बाला जी के जयकारे भी इस मौके पर लगाए। मालूम हो कि यह लंगर 4 दिन तक चलेगा और शुद्ध देसी घी का यह लंगर सालासर दरबार से एक किलोमीटर पहले रतनगढ़ लिंक रोड पर लगाया जाएगा। इस मौके पर समाज सेवी जॉनी आंवला, बीजेपी नेता दीपक शर्मा, नगर कौंसिल की प्रधान सुष्मा रानी के बेटे बंटी भठेजा, आर.के चौधरी, गोरा कुक्कड़, हैप्पी कुमार और विक्रम मोंगा आदि हाजिर थे।

पराली का उचित प्रबंधन करने वाले किसान जीत सकते हैं 7 लाख रुपये तक के इनाम: हरप्रीत सिंह

- अब लूट नहीं सेवा होगी, सुधर गई है पूरी व्यवस्था, बिल्डिंग पर आया 8.55 करोड़ रुपये का खर्चा

डेली आवाज भारती



बरनाला/राकेश जेठी : धान की पराली को आग लगाने के बजाय उसका उचित प्रबंधन करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला प्रशासन बरनाला की ओर से 'लकी ड्रॉ (पराली) 2026' अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर बरनाला हरप्रीत सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत कुल 7 लाख रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई है। हर सप्ताह 1 लाख रुपये के पुरस्कार निकाले जाएंगे। इनमें पहला पुरस्कार 20,000 रुपये, दूसरा पुरस्कार 15,000 रुपये, तीसरा पुरस्कार 10,000 रुपये और 22 अन्य विजेताओं को 2,500-2,500 रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे। डिप्टी कमिश्नर हरप्रीत सिंह ने जिला बरनाला के किसानों से अपील की कि जिन किसानों ने लकी ड्रॉ के लिए पहले ही रजिस्ट्रेशन करवा लिया है, वे अपने ऑनलाइन फॉर्म का दूसरा चरण (फॉलो-अप) भी अवश्य पूरा करें। उन्होंने बताया कि फॉर्म पूरा करने के लिए किसानों को धान की कटाई और पराली के उचित प्रबंधन से संबंधित तस्वीरें अपलोड करना अनिवार्य है। यदि ये तस्वीरें अपलोड नहीं की जातीं, तो फॉर्म अधूरा माना जाएगा। इसलिए किसान समय रहते जरूरी तस्वीरें अपलोड करके रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी करें, ताकि उन्हें लकी ड्रॉ में भाग लेने का अवसर मिल सके।

उन्होंने बताया कि जिला बरनाला के पात्र किसान 15 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। किसान रजिस्ट्रेशन के लिए https://dabarnala.in/luc ky_draw_registration_2026/ लिंक पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं या दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके पंजीकरण करवा सकते हैं। पहले रजिस्ट्रेशन करवा चुके किसान भी अपने फॉर्म की स्थिति जांचकर बाकी प्रक्रिया पूरी करें।

अधिक जानकारी के लिए 82644-25663 पर संपर्क किया जा सकता है। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है तथा मिट्टी की उपजाऊ शक्ति के साथ-साथ मित्र कीटों को भी नुकसान पहुंचता है। इसलिए किसान आधुनिक कृषि मशीनरी और उपलब्ध तकनीकों का इस्तेमाल करके पराली का उचित प्रबंधन करें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और लकी ड्रॉ में शामिल होने के लिए निर्धारित समय के भीतर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी करें। पराली न जलाएं, पर्यावरण बचाएं और इनाम जीतने का मौका पाएं!

दीवाली और गुरुपर्व पर पटाखों की बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस का ड्रॉ 22 अक्टूबर को

डेली आवाज भारती

बरनाला/नवीन काली : दीवाली और गुरुपर्व के त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पटाखों की बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी करने हेतु 22 अक्टूबर को ड्रॉ निकाला जाएगा। यह जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर हरप्रीत सिंह ने बताया कि प्राप्त आवेदनों के आधार पर ड्रॉ के माध्यम से अस्थायी लाइसेंस जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आम लोगों को पटाखे बेचने के लिए अस्थायी लाइसेंस प्राप्त करने हेतु 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक सेवा केंद्रों में आवेदन करना होगा। इन आवेदनों के आधार पर 22 अक्टूबर को सुबह 11 बजे जिला प्रशासनिक परिसर में ड्रॉ निकाला जाएगा। पंजाब सरकार के निर्देशों के अनुसार पटाखे बेचने का समय सुबह 10 बजे से शाम 7:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके अलावा डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि मैरिज पैलेसों में शादी तथा अन्य समारोहों के दौरान पटाखे चलाने के लिए अलग से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित मैरिज पैलेस के मालिक की होगी।

70वीं पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेल प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न

नेटबॉल में मेजबान बरनाला का दबदबा, लुधियाना को 35-21 से हराकर जीता गोल्ड मेडल

डेली आवाज भारती

धनौला/बरनाला/हरप्रीत शर्मा : जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी शिक्षा) सुनीतइंदर सिंह गिल के नेतृत्व में पीएम श्री सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल (लड़के), धनौला में चल रही 70वीं पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेल प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। लड़कियों के बाद अब बरनाला के लड़कों ने भी नेटबॉल में गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया। बरनाला और लुधियाना के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान बरनाला की टीम ने लुधियाना को 35-21 से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं,



मानसा की टीम ने श्री मुक्तसर साहिब को 27-15 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। उल्लेखनीय है कि नेटबॉल अंडर-19 लड़कियों के वर्ग में भी बरनाला की टीम ने गोल्ड मेडल जीता था। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स क्लब, धनौला की पूरी टीम विशेष रूप से पहुंची और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। डीएम स्पोर्ट्स बरनाला सिमरदीप सिंह सिद्धू और हेड मास्टर प्रदीप कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की तथा विजेता टीमों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। समापन समारोह के दौरान सिमरदीप सिंह सिद्धू ने प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में सहयोग देने के लिए पीएम श्री सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल (लड़के), धनौला की स्कूल इंचार्ज हरप्रीत कौर, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल (लड़कियां), धनौला की स्कूल इंचार्ज सुखविंदर कौर तथा टूर्नामेंट के प्रबंधों में जुटे सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर टूर्नामेंट ऑब्जर्वर इंदरपाल सिंह, स्कूल इंचार्ज हरप्रीत कौर, बलजिंदर सिंह, दलजीत सिंह, दिनेश कुमार, मनजीत सिंह, लिवलीन सिंह, राजिंदर सिंह, अवतार सिंह, गुरलाल ऋषि, परमजीत कौर, सुखराज कौर, तेजिंदर सिंह, अरविंद कुमार, जसप्रीत सिंह, जसपिंदर कौर, श्वेता कटारिया, हरमनदीप कौर, प्रीतपाल सिंह, खुशदीप सिंह, सुखवीर सिंह, जसवीर सिंह, परमजीत कौर, संदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह, जरनैल सिंह, नरपिंदर सिंह, जगसीर सिंह, अर्चना और अर्शदीप सिंह सहित विभिन्न जिलों से आए टीम इंचार्ज, कोच और खिलाड़ी मौजूद रहे।

गांव हाजी बेटु के कई परिवार भाजपा में शामिल, भाजपा नेता दीपक शर्मा ने किया स्वागत

डेली आवाज भारती



भाजपा नेता दीपक शर्मा लोगों को पार्टी में शामिल करते हुए।

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): भाजपा की नीतियों और डब्बल इंजन सरकार के विकास कार्यों से प्रभावित होकर गांव हाजी बेटु के कई परिवारों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामने की घोषणा की है। इस मौके पर भाजपा नेता दीपक शर्मा ने नए शामिल हुए परिवारों का स्वागत करते हुए कहा कि यह सिर्फ पार्टी में शामिल होना नहीं, बल्कि देश की प्रगति और मजबूत भविष्य के लिए लोगों द्वारा लिया गया फैसला है। दीपक शर्मा ने कहा कि देश के लोगों ने भाजपा के नेतृत्व में हो रहे विकास, मजबूत फैसलों और जनहितैषी नीतियों को करीब से देखा है। इसी कारण अब गांवों और शहरों के लोगों का भाजपा के प्रति भरोसा लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब आज नशा तस्करी, गुंडागर्दी, गैंगस्टरवाद और बढ़ते अपराधों जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। पंजाब को पुनःसुरक्षित, नशा-मुक्त और खुशहाल बनाने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और प्रभावी प्रशासन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो कानून का राज कायम करने और नशा तस्करों, गैंगस्टर व गुंडागर्दी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का मजबूत संकल्प रखती है। उन्होंने कहा कि अब पंजाब का आम आदमी बदलाव नहीं, बल्कि सुरक्षित भविष्य, विकास और जवाबदेह सरकार चाहता है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय भाजपा का है और लोगों के बढ़ते समर्थन से पंजाब में भाजपा की मजबूत सरकार बनेगी। दीपक शर्मा ने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले लोगों का मान और सम्मान किया जाएगा। पार्टी में शामिल हुए लोगों ने कहा कि वे पार्टी को मजबूत करने के लिए दिन-रात एक कर देंगे। इस मौके पर पंकज कालड़ा, बब्बू पसरीचा, नितिन बुक, अमर सिंह, दविन्द्रपाल सिंह, रमन बतरा सहित कई अन्य व्यक्ति मौजूद थे।

उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल ने साहनेवाल-मुंडियामपक्कम के बीच, पार्सल कार्गो एक्सप्रेस ट्रेन की हुई शुरुआत

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के मार्गदर्शन में फिरोजपुर मंडल ने पंजाब और दक्षिण भारत के औद्योगिक क्षेत्रों के बीच रेल आधारित माल परिवहन को मजबूत करने के लिए पंजाब के साहनेवाल और चेन्नई मंडल के मुंडियामपक्कम रेलवे स्टेशन के बीच पार्सल कार्गो एक्सप्रेस ट्रेन सेवा शुरू की है। इसका संचालन छह वर्ष की अवधि के लिए होगा। यह ट्रेन राउंड ट्रिप आधार पर संचालित होगी। साहनेवाल से पहली पार्सल कार्गो एक्सप्रेस ट्रेन 10 अक्तूबर को रवाना की गई। इसमें व्यावसायिक माल भेजा गया, जिसमें पैकेज्ड खाद्य पदार्थ और मशीनरी पार्ट्स शामिल थे। ट्रेन में 16 एल.एच.बी हाई-कैपेसिटी पार्सल वैन हैं, जिनकी कुल माल वहन क्षमता 392 टन है। साहनेवाल-मुंडियामपक्कम के बीच



उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल ने साहनेवाल-मुंडियामपक्कम के बीच शुरु की गई पार्सल कार्गो एक्सप्रेस संबंधी जानकीर देते हुए कर्मचारी व अधिकारी।

संचालित पहली कार्गो ट्रेन से फिरोजपुर मंडल को 15.63 लाख का मालभाड़ा राजस्व प्राप्त हुआ। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि पार्सल कार्गो एक्सप्रेस ट्रेन से पंजाब और दक्षिण भारत के औद्योगिक क्षेत्रों के बीच व्यावसायिक माल की तेज, सुगम और किफायती आवाजाही को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल पार्सल सेवाओं के आधुनिकीकरण और रेल आधारित माल परिवहन के नए अवसर विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

एक सहारा फाउंडेशन की ओर से 101 जरूरतमंद बेटियों के सामूहिक विवाह आज, दीपक शर्मा दीपू कुराली ने लोगों से समारोह में पहुंचने की अपील की

डेली आवाज भारती





खरड़, संदीप अकालगढ़िया : जरूरतमंद परिवारों की सहायता करने और बेटियों के विवाह को यादगार बनाने के उद्देश्य से एक सहारा फाउंडेशन की ओर से आज रयात बाहरा यूनिवर्सिटी, खरड़ के सामने 101 जरूरतमंद बेटियों के सामूहिक विवाह करवाए जा रहे हैं। इस विशाल समारोह के दौरान 101 बेटियों के आनंद कारज धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न करवाए जाएंगे। इस संबंध में पत्रकारों के साथ जानकारी साझा करते हुए दीपक शर्मा दीपू कुराली ने बताया कि इस भव्य समारोह में विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों की प्रमुख हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इस समारोह में लगभग 15 हजार से 18 हजार लोगों के पहुंचने का अनुमान लगाया गया है, जिसे ध्यान में रखते हुए आयोजकों की ओर से बड़े स्तर पर तैयारियां की गई हैं। दीपक शर्मा दीपू कुराली ने कहा कि हर बेटी और उसके माता-पिता का सपना होता है कि उसका विवाह खुशियों से भरा और यादगार हो। प्रत्येक लड़की के मन में अपने विवाह को लेकर कई सपने, इच्छाएं और अरमान होते हैं, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण कई जरूरतमंद परिवार अपनी बेटियों के विवाह उनकी इच्छाओं के अनुसार करने में असमर्थ रहते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए एक सहारा फाउंडेशन की ओर से इन 101 बेटियों के विवाह बड़े स्तर पर करवाने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक बेटी अपने जीवन के इस विशेष दिन को खुशी और सम्मान के साथ मना सके तथा उसके परिवार को भी खुशियों भरे पल बिताने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि संस्था का प्रयास है कि इन बेटियों को अपने विवाह के अवसर पर किसी प्रकार की कमी महसूस न हो और उनके विवाह समारोह को उसी प्रकार शानदार बनाया जाए, जैसा हर लड़की अपने विवाह को लेकर सपना देखती है। उन्होंने बताया कि समारोह को भव्य और यादगार बनाने के लिए विशाल टेंट लगाया गया है तथा विवाह में शामिल होने वाले मेहमानों के लिए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। आयोजकों की ओर से बड़ी संख्या में पहुंचने वाले लोगों को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रबंध किए गए हैं, ताकि सामूहिक विवाह की सभी रस्में व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकें और बेटियों तथा उनके परिवारों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि इतने बड़े स्तर पर आयोजित किए जा रहे इस समारोह का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को विवाह की खुशियां प्रदान करना और उनके जीवन के इस महत्वपूर्ण अवसर को यादगार बनाना है।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 10-10-2026 16:37 Page 1



पितृ विसर्जन पर इमोशनल हुईं कंगना रनौत

परदादा को याद कर कहा- 'शुक्रिया दादाजी'

अभिनेत्री कंगना रनौत ने सर्वपितृ अमावस्या (जिसे महालया अमावस्या या पितृ विसर्जन भी कहा जाता है) पर अपने परदादा सूरज सिंह रनौत को याद कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज वो जो कुछ भी हैं, उसका श्रेय उनके परदादा को ही जाता है, उन्हीं की वजह से उनमें आज इतना आत्मविश्वास है।

"तस्वीर शेयर करते हुए कंगना ने लिखा, "पितृ पक्ष चल रहा है तो ये मेरे परदादा की आखिरी तस्वीर है, जब 102 साल की उम्र में उनका निधन हुआ था। जब मैं छोटी थी, दादाजी ने मुझे गोद ले लिया था। आज मैं जो कुछ भी हूं, उसका पूरा श्रेय दादाजी को जाता है। तो सुबह मुझे जगाने के लिए गाना गाते थे, जब लैंडलाइन फोन बजता था तो मुझे अपनी सेक्रेटरी बनाकर खेलने देते थे, वो हंसते हुए बुद्ध की तरह हंसते थे और मैं उनके हिलते हुए पेट पर खेलती थी और मेरे माता-पिता मुझ पर सख्त होते थे तो वो उन्हें डांटते भी थे।"

"कंगना रनौत ने आगे लिखा, "मेरे परदादा ने हमेशा मुझे मैन कैरेक्टर वाली एनर्जी दी, जो आज मुझमें है। उन्होंने मुझे हमेशा देखा, सुना और प्यार महसूस कराया। जब उनका निधन हुआ, तब मैं 'तनु वेड्स मनु' की शूटिंग कर रही थी, उन्हें मुझ पर बहुत गर्व था। थैंक यू दादाजी।'"

कंगना रनौत के परदादा सरजू सिंह रनौत

- हिमाचल प्रदेश की मंडी की त्रिफालघाट विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के विधायक रह चुके थे।
- उन्होंने अंग्रेजों के शासन के दौरान ब्रिटिश सरकार के तहत हेड क्लर्क की नौकरी छोड़ दी थी और महात्मा गांधी के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हुए थे।
- वे अपने गांव के इकलौते व्यक्ति थे जो उस समय अंग्रेजी जानते थे और अपने प्रयासों से गांव में बिजली लेकर आए थे।


रकुलप्रीत सिंह के बर्थडे पर पति जैकी भगनानी ने लुटाया प्यार, कहा-तुम हो मेरी जिंदगी





अभिनेत्री रकुलप्रीत सिंह शनिवार को अपना जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर उनके पति-प्रोड्यूसर जैकी भगनानी ने खास अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी है। जैकी ने इंस्टाग्राम पर रकुलप्रीत के साथ कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें उन्होंने अपने दिल की बात लिखी। उन्होंने लिखा, ÷तुम्हे देखकर आज भी मुस्कुराए बिना नहीं रह पाता, सोचता हूं कि मैं कितना खुशकिस्मत हूं।मेरी ताकत, मेरी सबसे बड़ी सपोर्टर और मेरी जिंदगी के प्यार को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।तुम्हारी गर्मजोशी, तुम्हारी कभी खत्म न होने वाली एनर्जी और हमारे घर को सबसे खुशहाल जगह बनाने के लिए शुक्रिया। चलो, एक और साल साथ में सपने पूरे करते हैं और ढेर सारी खूबसूरत यादें बनाते हैं। आई लव यू।÷ जैकी के पोस्ट करने के बाद दोनों के इंडस्ट्री के दोस्त और फैंस भी रकुल को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दे रहे हैं। रकुल मुख्य रूप से साउथ और हिंदी सिनेमा में सक्रिय हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। अभिनेत्री ने साल 2009 में कन्नड़ फिल्म %गिल्ली% से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद 2011 में फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जहां वह पांचवें स्थान पर रहीं थी। इस प्रतियोगिता ने उन्हें बॉलीवुड में प्रवेश करने का मौका दिया। रकुल ने तेलुगु और तमिल फिल्मों में काम कर अपनी पहचान बनाई। साल 2014 में उन्होंने बॉलीवुड फिल्म 'यारियां' से डेब्यू किया, जिसमें उनके साथ हिमांश कोहली मुख्य भूमिका में थे। इसके बाद वे 'अय्यारी', 'दे दे प्यार दे', 'मरजावां', 'छतरीवाली, और साउथ की 'ध्रुवा' जैसी कई सफल फिल्मों में नजर आई थी। अभिनेत्री को पिछली बार फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी में देखा गया था। रकुल ने 21 फरवरी 2024 को गोवा में जैकी भगनानी के साथ पारंपरिक हिंदू रीति-रिवाज से शादी की। यह जोड़ा अपनी केमिस्ट्री और एक-दूसरे के प्रति प्यार के लिए अक्सर चर्चा में रहता है।

39 साल बाद भी फिट है 'मिस्टर इंडिया' वाली ड्रेस, चोर बाजार से खरीदी थी जैकेट : अनिल कपूर



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर शो 'इंडिया के टॉप 1%' में बतौर होस्ट नजर आ रहे हैं। शो के दौरान अभिनेता ने फिल्म 'मिस्टर इंडिया' वाले दिनों को फिर से ताजा किया। दरअसल, शो के दौरान अभिनेता प्रसिद्ध फिल्म 'मिस्टर इंडिया' वाली मशहूर जैकेट पहनकर आए थे। अभिनेता ने खुलासा किया कि ये जैकेट उन्होंने मुंबई के 'चोर बाजार' से खरीदी थी। अपने आइकॉनिक लुक को याद करते हुए अनिल ने कहा, आज भी मुझे ये शर्ट, पैंट और जैकेट फिट आते हैं। 39 साल बाद भी सब कुछ फिट आ रहा है। टीम ने कहा था कि काश मिस्टर इंडिया वाली कॉस्ट्यूम मिल जाती, तो मैंने कहा- मैंने तो उसे संभालकर रखा हुआ है। जैकेट के पीछे की कहानी बताते हुए अनिल ने कहा, जैकेट मैंने चोर बाजार से खरीदी थी। इत्तेफाक से मैंने बाल भी लंबे कर रखे हैं, जैसे 'मिस्टर इंडिया' में थे। तो आज बाल भी लुक पर सूट कर रहे हैं। इस एपिसोड के पीछे की सोच के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, हम जो एपिसोड कर रहे हैं, वो सामाजिक तौर पर बहुत अहम है। यही इसका मूल विषय था और राज कपूर साहब ने फिल्म देखने के बाद यही कहा था। फिल्म से क्या सीख मिलती है? सीख यही है कि हर कोई मिस्टर इंडिया बन सकता है। ये एपिसोड उन लोगों के बारे में है जो देश की सेवा करते हैं। वे बिना कुछ उम्मीद किए देश के लिए काम करते हैं। वे इसे अपना नैतिक कर्तव्य समझकर करते हैं। वे ही भारत को आज जो है वो बनाते हैं। 'मिस्टर इंडिया' शेखर कपूर द्वारा निर्देशित एक साइंस फिक्शन सुपरहीरो फिल्म है। अनिल कपूर, श्रीदेवी और अमरीश पुरी स्टारर ये फिल्म अरुण वर्मा (अनिल कपूर) के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो अनाथ बच्चों को अपने घर में पनाह देता है और उनका ख्याल रखता है।अरुण को अपने वैज्ञानिक पिता का बनाया हुआ एक ऐसा यंत्र (घड़ी) मिलता है, जिसे पहनकर कोई भी इंसान गायब हो सकता है। देश को तबाह करने की मंशा रखने वाले एक खतरनाक तानाशाह और खलनायक 'मोगैम्बो' (अमरीश पुरी) से बच्चों और पूरे देश को बचाने के लिए अरुण 'मिस्टर इंडिया' बनकर लड़ता है।

सेल्वी का बुसान फिल्म फेस्टिवल में शानदार वर्ल्ड प्रीमियर, थिएटर हुआ हाउसफुल



अगली स्क्रीनिंग्स के टिकट भी फटाफट सोल्ड आउट!

मुंबई 'सेल्वी' ने 9 अक्टूबर 2026 को 31वें बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अपने वर्ल्ड प्रीमियर के साथ एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली। तमिल भाषा में बनी इस फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और थिएटर खचाखच भरा नजर आया। नेशनल अवॉर्ड विनर एक्ट्रेस अंजलि पाटिल के प्रोडक्शन में बनी यह फिल्म सेलैश रथ्नाकुमार की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म है। इतना ही नहीं, फेस्टिवल के प्रतिष्ठित 'विजन ङ्क एशिया' सेक्शन में जगह बनाने वाली सिर्फ दो भारतीय फिल्मों में 'सेल्वी' भी शामिल है। प्रीमियर के बाद भी फिल्म का क्रेज बरकरार है और इसकी अगली स्क्रीनिंग्स भी हाउसफुल हो चुकी हैं। फिल्म की कहानी सेल्वी की है, जिसका किरदार अंजलि पाटिल निभा रही हैं। सेल्वी एक माइग्रेंट होम-केयर नर्स है, जो अमीर परिवारों के घरों में रहकर उनकी देखभाल करती है। उसकी ड्यूटी कभी 12 घंटे तो कभी सीधे 72 घंटे तक खिंच जाती है। ऐसे में अपनी जिंदगी के लिए उसके पास न वक्त बचता है, न ही फैसले लेने की आजादी। लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है, जब उसके अतीत की एक घटना फिर से सामने आने लगती है। माइग्रेशन, दोस्ती और दूसरों की देखभाल से शुरू होने वाली यह कहानी आगे बढ़कर जिंदगी की जंग और खुद को बचाने के लिए इंसान के मुश्किल फैसलों की दिलचस्प दास्तान बन जाती है। प्रीमियर में शामिल हुईं अंजलि पाटिल ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, ५मैं बेहद शुक्रगुजार हूं कि हमारी फिल्म का सफर बुसान जैसे फेस्टिवल से शुरू हुआ, जो सच में अपने दर्शकों का फेस्टिवल है। कोरियाई दर्शकों से खचाखच भरे थिएटर में 'सेल्वी' को मिला प्यार हमारे लिए बहुत मायने रखता है। जब कोई फिल्म यहां के दर्शकों के दिलों से जुड़ती है, तो यह इस बात का मजबूत संकेत होता है कि वह बड़े स्तर पर भी लोगों तक पहुंच सकती है। हम इसी से प्रेरणा ले रहे हैं। 'सेल्वी' मेरे लिए बेहद निजी फिल्म है और एक प्रोड्यूसर व एक्टर, दोनों रूपों में इस सफर ने मुझे बहुत कुछ दिया है। मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे इतने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय फिल्म पेश करने का मौका मिला।५ अपनी पहली फिल्म को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पेश करने के अनुभव पर डायरेक्टर सेलैश रथ्नाकुमार ने कहा, ५सच कहूं तो यह सब अभी भी किसी सपने जैसा लग रहा है। बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल जैसे प्रतिष्ठित मंच पर अपनी पहली फिल्म की स्क्रीनिंग होना बेहद खास और भावुक कर देने वाला अनुभव है। दर्शकों के रिस्पॉन्स ने एक फिल्ममेकर के तौर पर मेरा हौसला और बढ़ाया है। यह तो बस शुरुआत है, अभी कई और कहानियां सुनानी हैं। इस अनुभव ने मुझे ऐसी कहानियां कहने के लिए और प्रेरित किया है, जो लोगों के दिलों तक पहुंचें और ग्लोबल मंच पर मेरे देश भारत का नाम रोशन करें।५ फिल्म की एडिटिंग नौ बार नेशनल अवॉर्ड जीत चुके ए. श्रीकर प्रसाद ने की है, जबकि साउंड डिजाइन की कमान नेशनल अवॉर्ड विजेता आनंद कृष्णमूर्ति ने संभाली है, जिन्हें 'पोन्नियिन सेल्वन- पार्ट 1' के लिए नेशनल अवॉर्ड मिला था। फिल्म में अर्चना पद्मिनी और विनोद किशन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'सेल्वी' को रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की पहल रेड सी फंड के साथ को-प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म को हॉन्ग कॉन्ग एशिया फिल्म फाइनेंसिंग का भी सपोर्ट मिला है। बुसान में अपने शानदार वर्ल्ड प्रीमियर के बाद अब 'सेल्वी' 50वें साओ पाउलो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अपनी दूसरी अंतरराष्ट्रीय स्क्रीनिंग के लिए तैयार है।

जन्मदिन विशेष: दोस्ती के लिए बने नेता, फिर छोड़ दी राजनीति, जानें अमिताभ के सियासी करियर की कहानी



सदी के महानायक और बिग बी अमिताभ बच्चन का 11 अक्टूबर को जन्म दिन है। 11 अक्टूबर 1942 को इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में जन्मे अमिताभ बच्चन प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार हरिवंश राय बच्चन के बेटे हैं। बॉलीवुड में सफलता के ऊंचे पायदान को छूने वाले बिग बी राजनीति में भी हाथ आजमा चुके हैं, हालांकि यहां उनकी पारी सिनेमा जैसी हिट साबित नहीं हुई थी।

फिल्मों में 'एंग्री यंग मैन' के तौर पर सिस्टम से लड़ने वाले अमिताभ बच्चन ने असल जिंदगी में भी राजनीति का रुख किया था। 1984 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद अमिताभ बच्चन ने अपने बचपन के दोस्त राजीव गांधी को भावुक रूप से समर्थन देने के लिए कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की। 1984 में अपने जिगरी दोस्त राजीव गांधी के कहने पर उन्होंने इलाहाबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का ऐलान किया। उन्होंने 8वें लोकसभा चुनाव में अपने गृहनगर इलाहाबाद (अब प्रयागराज) सीट से चुनाव लड़ा। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और दिग्गज राजनेता हेमवती नंदन बहुगुणा को एकतरफा मुकाबले में ऐतिहासिक मतों के अंतर से हराया, जो चुनावी इतिहास की सबसे बड़ी जीतों में से एक थी। जब अमिताभ बच्चन का राजनीतिक करियर शीर्ष पर था, तभी 1987 में देश के चर्चित बोफोर्स घोटाले में उनका और उनके भाई अजिताभ बच्चन का नाम आया। हालांकि उन पर लगे सभी आरोप झूठे साबित हुए, लेकिन मीडिया ट्रायल और विपक्षी दलों के विरोध से परेशान होकर उन्होंने अपना कार्यकाल पूरा किए बिना जुलाई 1987 में लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। साल 2012 में उन्हें इस मामले में पूरी तरह क्लीन चिट मिल गई थी। इस्तीफा देने के बाद अमिताभ बच्चन ने सक्रिय राजनीति से हमेशा के लिए तौबा कर ली और दोबारा कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा। उस दौरान अमिताभ बच्चन की कंपनी एबीसीएल मुश्किल दौर से गुजर रही थी और गांधी परिवार से कोई मदद न मिलने पर अमर सिंह ने उनकी आर्थिक मदद की। अमिताभ बच्चन की पत्नी जया बच्चन समाजवादी पार्टी में शामिल हो गईं। जया बच्चन साल 2004 से लगातार समाजवादी पार्टी (सपा) की ओर से राज्यसभा सांसद के रूप में राजनीति में सक्रिय हैं। इसके अलावा, दिवंगत नेता अमर सिंह के साथ उनकी करीबी के चलते एक समय उनका झुकाव अप्रत्यक्ष रूप से समाजवादी पार्टी की तरफ देखा गया था। एक इंटरव्यू में राजनीति और चुनाव लड़ने के बारे में बॉलीवुड के शहंशाह ने कहा था, मेरा वह फैसला भावनात्मक था। मैं एक दोस्त की मदद करना चाहता था इसलिए राजनीति में आया। राजनीति में आने के बाद पता चला यहां भावनाओं के लिए कोई जगह नहीं है। मुझे लगा कि मैं यह नहीं कर सकता और इसलिए राजनीति छोड़ दी।

● बॉलीवुड में सफलता के ऊंचे पायदान को छूने वाले बिग बी राजनीति में भी हाथ आजमा चुके हैं, हालांकि यहां उनकी पारी सिनेमा जैसी हिट साबित नहीं हुई थी। फिल्मों में 'एंग्री यंग मैन' के तौर पर सिस्टम से लड़ने वाले अमिताभ बच्चन ने असल जिंदगी में भी राजनीति का रुख किया था। 1984 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद अमिताभ बच्चन ने अपने बचपन के दोस्त राजीव गांधी को भावुक रूप से समर्थन देने के लिए कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की। 1984 में अपने जिगरी दोस्त राजीव गांधी के कहने पर उन्होंने इलाहाबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का ऐलान किया।

page 7_Layout 1 10-10-2026 15:47 Page 1

रूस से डीजल समझौते पर ट्रंप की नीति पर सवाल

दोहरे रवैये की डेमोक्रेट्स ने की निंदा

डेली आवाज भारती

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से रूस से डीजल खरीदने के समझौते के बाद अमेरिका में दोहरे मानदंड (डबल स्टैंडर्ड) के आरोप तेज हो गए हैं। कई अमेरिकी पत्रकारों, नेताओं और सोशल मीडिया यूजर्स ने सवाल उठाया है कि जब भारत और चीन जैसे देशों को रूसी तेल खरीदने पर निशाना बनाया गया, तो अब अमेरिका खुद रूस से ईंधन क्यों खरीद रहा है। विवाद उस समय बढ़ गया जब ट्रंप ने शुक्रवार को घोषणा की कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अमेरिका और वैश्विक बाजारों को लाखों टन डीजल की आपूर्ति करेंगे।

इसके साथ ही, अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने रूसी डीजल से जुड़े कुछ लेनदेन पर लगी पाबंदियों में अस्थायी राहत भी दे दी। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब एक महीने से भी कम समय पहले ट्रंप ने एक द्विदलीय कानून पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत रूस से तेल और गैस खरीदने वाले



बड़े देशों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने का प्रावधान किया गया था। इस फैसले के बाद अमेरिकी पत्रकार कैथरीन रैम्पेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर तंज कसते हुए लिखा, क्या अब हम खुद पर भी टैरिफ लगाने वाले हैं? राजनीतिक पत्रकार सैम स्टीन ने भी इस फैसले पर सवाल उठाए। उन्होंने याद दिलाया कि कुछ ही सप्ताह पहले ट्रंप ने रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने के उद्देश्य से एक प्रतिबंध कानून पर हस्ताक्षर किए थे, जबकि अब वहीं प्रशासन रूस से ईंधन लेने का समझौता कर रहा है। सोशल मीडिया पर भी कई लोगों ने अमेरिकी नीति की आलोचना की। वेरिफाइड %एक्स% अकाउंट 'न्यूज मैट्रिक्स' ने ट्रंप के भारत पर पहले किए गए हमलों का जिक्र करते हुए सवाल उठाया, ÷अगर भारत की ओर से रूसी तेल खरीदना पुतिन के युद्ध को फंड करना है, तो क्या यही तर्क अमेरिका पर भी लागू नहीं होता? या फिर रूस को फंडिंग सिर्फ तब मानी जाती है जब भारत तेल खरीदे?

रेडिट पर भी यूजर्स ने इस फैसले को लेकर नाराजगी जताई। एक यूजर ने लिखा, दूसरों के लिए एक नियम और अपने लिए दूसरा। वहीं दूसरे ने सवाल किया कि क्या अब अमेरिका खुद पर भी 100 फीसदी टैरिफ लगाएगा? इस बीच अमेरिकी सांसदों ने भी फैसले की आलोचना की। डेमोक्रेटिक सीनेटर जीन शाहीन, चक शूमर और एलिजाबेथ वॉरेन ने संयुक्त बयान जारी कर प्रशासन द्वारा रूस को छह महीने तक डीजल बेचने की अनुमति देने की निंदा की।

हिमाचल प्रदेश: रामपुर में एचआरटीसी बस हादसे का शिकार, 17 घायल अस्पताल में भर्ती



शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां राय के पास मोड़ पर एक बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने बिना देरी किए पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। शिमला जिले के रामपुर में शुक्रवार सुबह हिमाचल पथ परिवहन निगम की एक बस हादसे का शिकार हो गई। सनेई से रामपुर आ रही बस राय के पास एक मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरी। हादसे में 15 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार अब तक 17 घायलों को रामपुर के खनेरी अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि हादसे के समय बस में चालक और परिचालक समेत कुल 20 लोग सवार थे। दुर्घटना में दो यात्रियों के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं।

नई दिल्ली : जंतर-मंतर जाते वक्त ममता-केजरीवाल समेत तीन पूर्व मुख्यमंत्री और 1,000 कार्यकर्ता हिरासत में

डेली आवाज भारती





नई दिल्ली। दिल्ली में जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (छछूक्क) के राष्ट्रीय प्रदर्शन को लेकर हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए हैं। वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों के आरोपों को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र) को रोकने की मांग पर अड़े प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस व प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। आंदोलन में हिस्सा लेने जा रहे पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार और केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन को दिल्ली में हिरासत में लिया गया है। दिल्ली में भारी प्रशासनिक सख्ती और प्रमुख गिरफ्तारियां एयरपोर्ट और आवास से हिरासत में लिए गए नेता- छछूक्क के संस्थापक अभिजीत दीपके, आशुतोष रांका और सौरव दास को दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरते ही फ्लाइट से हिरासत में ले लिया गया। इसके अलावा यूट्यूबर ध्रुव राठी को उनके गुरुग्राम स्थित आवास से पकड़ा गया है। हजारों समर्थक गिरफ्तार, झड़प में एक घायल- राजधानी के विभिन्न इलाकों से करीब 1,000 प्रदर्शनकारियों को पकड़ा गया है। जंतर-मंतर की ओर बढ़ रहे समर्थकों ने जब बैरिकेड्स तोड़े, तो पुलिस के साथ हुई झड़प में एक प्रदर्शनकारी का सिर फट गया। कड़े सुरक्षा इंतजाम- प्रदर्शनकारियों के वाहनों को रोकने के लिए दिल्ली की प्रमुख सीमाओं और सड़कों पर कीलें बिछाई गई हैं तथा भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

अजिंक्य शिंदे करेंगे आंदोलन की अगुवाई

पुलिस कार्रवाई के बीच छछूक्क ने संस्थापक अभिजीत दीपके का एक पहले से रिकॉर्ड किया गया वीडियो संदेश जारी किया है। इसमें दीपके ने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके हिरासत में जाने के बाद इस आंदोलन का नेतृत्व अजिंक्य शिंदे करेंगे।

कंगना रनौत और एनडीए नेताओं ने सीजेपी के प्रदर्शन को बताया सोची-समझी साजिश

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध-प्रदर्शन के आह्वान पर भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद समेत एनडीए नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है। एनडीए नेताओं ने सीजेपी के प्रदर्शन को सोची-समझी साजिश करार दिया है। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने मीडिया से बातचीत में कहा, ÷देश-विरोधी तत्व, आतंकवादी ताकतें और अंतरराष्ट्रीय साजिशें इस समय हमारे देश के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई हैं। देश और उसके नागरिकों को परेशान करने के लिए किसी न किसी बहाने से तरह-तरह की



साजिशें रची जा रही हैं। मथुरा में भाजपा विधायक श्रीकांत शर्मा ने आईएएनएस से कहा, ÷कुछ लोग सोची-समझी साजिश के तहत भारत को बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। यह तो बस वोटर लिस्ट को शुद्ध करने की प्रक्रिया है, फिर भी इतना हंगामा हो रहा है। वोटर लिस्ट में मौजूद गड़बड़ियों को ठीक किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मंत्री संजय निषाद ने कहा, ÷हर किसी को लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने का अधिकार है। लोकतांत्रिक ढंग से आंदोलन चलाना सबका अधिकार है। हालांकि, बिना किसी जांच-पड़ताल के किसी पर आरोप लगाना या किसी खास व्यक्ति को निशाना बनाना सही नहीं है, और मुझे लगता है कि यह अनुचित है। जंतर-मंतर पर सीईसी के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन का समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा समर्थन किए जाने पर मंत्री संजय निषाद ने कहा, ÷देश की जनता सर्वोपरि है। सरकार हो या विपक्ष, जनता जिसे पसंद करती है, उसे सत्ता में बैठाती है और जिसे नापसंद करती है, उसे बाहर कर देती है। अब, जो व्यक्ति बाहर है, वह बयानबाजी के अलावा और क्या कर सकता है?

सिर्फ सुर्खियां बटोरने और राजनीतिक फायदा उठाने के लिए आप नेता कर रहे सीईसी के खिलाफ प्रदर्शन : भाजपा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। एसआईआर को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी द्वारा विरोध-प्रदर्शन किए जाने पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा नेता सुनील जाखड़ ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता सिर्फ सुर्खियां बटोरने और राजनीतिक फायदा उठाने के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, ÷मुझे समझ नहीं आ रहा कि वे किसे दोषी ठहरा रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने खुद वोटों की चोरी की है। नगर निकाय चुनावों के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पटियाला, मोगा और बाघा पुराना में दोबारा चुनाव कराने का आदेश दिया था, क्योंकि आप ने चुनावों में धांधली की थी, जबरदस्ती नतीजों में हेर-फेर किया था और लोगों के नॉमिनेशन पेपर व फाइलें फाड़ दी थीं। अब वे उसी मुद्दे पर विरोध कर रहे हैं। उन्हें शर्म आनी चाहिए।÷ चुनाव आयोग और अन्य संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिशों के खिलाफ 42 रिटायर्ड जजों के खुला पत्र लिखकर चेतावनी देने पर केवल सिंह ढिल्लों ने कहा, ÷जो लोग एसआईआर पर सवाल उठाते हैं, उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए कि 42 जजों ने लिखित रूप में कहा है कि एसआईआर प्रक्रिया बिल्कुल



सही है और इसे संविधान के अनुसार ही किया जाना चाहिए। इस पर कोई 'अगर-मगर' नहीं होना चाहिए। भाजपा नेता अमनजोत कौर रामू वालिया ने कहा, ÷वे (आप) अपनी कमियों को छिपाने के लिए विरोध कर रहे हैं। अगर आम आदमी पार्टी के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है, तो वे विरोध क्यों कर रहे हैं? सीबीआई ने छापेमारी की और मुख्यमंत्री के ओएसडी के घर के बाहर नोटिस लगाया गया। गांवों समेत आम जनता को यह बात पता है कि ट्रांसफर के लिए पैसे लिए जा रहे हैं और अन्य तरह से भी पैसे जमा किए गए हैं। भाजपा नेता सुनील जाखड़ ने कहा, ÷ये लोग (आप नेता) सिर्फ तमाशा कर रहे हैं। पंजाब में लगभग 20 लाख वोट हटाए गए हैं, लेकिन जब से एसआईआर प्रक्रिया शुरू हुई है, मैंने आम आदमी पार्टी की तरफ से ऐसी कोई प्रतिक्रिया या आपत्ति नहीं देखी है। अब वे सिर्फ सुर्खियां बटोरने और राजनीतिक फायदा उठाने के लिए ऐसा कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि सीजेपी, कांग्रेस या दूसरी पार्टियां उनसे आगे निकल सकती हैं। अगर उनके दावों में कोई दम होता, तो भाजपा और सरकार इस मामले पर चर्चा करने और इसे सुलझाने के लिए तैयार होती। भाजपा नेता राणा गुरमीत सिंह सोढी ने कहा, ÷ये राजनीतिक मुद्दे उठाए जा रहे हैं। चुनाव आयोग कानून और संविधान के मुताबिक काम कर रहा है। अगर कुछ भी असंवैधानिक है, तो वे कोर्ट जा सकते हैं। विरोध करने की क्या जरूरत है? हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट हैं, जो बड़े फैसले सुनाते हैं और अहम कानूनी मामलों को देखते हैं। उन्हें कोर्ट जाना चाहिए।

यूपी : प्रदेश की मंडियों में चलेगा 15 दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान, साफ-सफाई से बदलेगी तस्वीर

डेली आवाज भारती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार में उत्तर प्रदेश की कृषि उत्पादन मंडियों में साफ-सफाई की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा किसानों को स्वच्छ एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक जितेंद्र प्रताप सिंह ने 'स्वच्छ मंडी-शुभ मंडी अभियान-2026' संचालित करने का निर्देश दिया है। राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद ने अक्टूबर, 2026 में प्रदेश की सभी मंडी एवं उपमंडी स्थलों पर व्यापक स्तर पर विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान के तहत मंडी परिसरों में जमा कूड़े, बंद नालियों, जलभराव वाले स्थानों, शौचालयों, नीलामी चबूतरे, दुकानों और किसान विश्राम गृहों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अभियान के दौरान मंडी समितियों के अनुबंधित



सफाई ठेकेदारों को अपने सभी सफाई कर्मियों को लगाकर युद्धस्तर पर सफाई कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं। मंडी परिसर के प्रत्येक हिस्से की सफाई सुनिश्चित की जाएगी। विशेष रूप से नालियों में फंसे अपशिष्ट तथा पानी जमा होने वाले स्थानों को चिह्नित कर उनकी सफाई कराई जाएगी। अक्टूबर माह में धान और अन्य कृषि उत्पादों की अधिक आवक तथा आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए मंडियों में यातायात और परिवहन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने पर भी जोर दिया गया है। इस अभियान के अंतर्गत मंडी परिसर में स्थित नीलामी चबूतरों के आसपास की नालियों में जमा कूड़े को हटाने तथा चबूतरों और उनसे संबंधित संरचनाओं की सफाई कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिन स्थानों पर नमी रहती है, वहां कूड़ा हटाने के बाद निर्देशानुसार चूना पाउडर अथवा गैमक्सीन का छिड़काव कराया जाएगा। मंडी परिसरों में बने शौचालयों, प्रसाधनों और यूरिनल की सफाई के साथ जलापूर्ति एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

शौचालयों के आसपास जलभराव वाले स्थानों की विशेष सफाई कर वहां नियमित रूप से चूने का छिड़काव कराया जाएगा। कार्यालय भवनों और किसान विश्राम गृहों की साफ-सफाई तथा आवश्यक साज-सज्जा पर भी ध्यान दिया जाएगा। मंडी परिसरों में जहां नए सिविल, विद्युत अथवा मरम्मत संबंधी कार्य चल रहे हैं, उन स्थलों को अलग से चिह्नित किया जाएगा।

मणिपुर में कुकी-नागा समूहों के बीच फिर भड़की हिंसा

महिला की गोली मारकर हत्या; कई घर जलाए गए

डेली आवाज भारती

फाल। मणिपुर के कामजोंग जिले में कुकी और नागा समूहों के बीच शुक्रवार रात ताजा झड़पों में एक महिला की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि कई घरों में आग लगाए जाने की सूचना है। घटना के बाद प्रशासन ने हिंसा पर काबू पाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घटना शुक्रवार रात नागा बहुल कामजोंग जिले के कुकी बहुल चस्साद गांव में हुई। मृत महिला की पहचान डोमखोनेई तौथांग के रूप में हुई है। वह पांच बच्चों की मां थीं। गोली उनके गले के पास लगी और कुछ ही मिनटों में उनकी मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार देर शाम सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात जवानों पर



संदिग्ध कुकी सशस्त्र समूहों की ओर से गोलीबारी किए जाने के बाद टकराव शुरू हुआ। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई। यह गोलीबारी शनिवार सुबह तक जारी रही। झड़पों में दोनों पक्षों के कई लोगों के घायल होने की खबर है। वहीं, चार घरों को भी आग के हवाले किए जाने की सूचना मिली है। हालांकि, हताहतों की संख्या और घायलों की स्थिति के बारे में अधिकारियों की ओर से अभी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। घटना के बाद कामजोंग जिला प्रशासन ने चस्साद पुलिस गेट जंक्शन के 400 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू कर दी।

सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले आरएसी सिपाही की पत्नी को मिलेगा 1.10 करोड़ रुपए का मुआवजा; लोक अदालत में हुआ राजीनामा

डेली आवाज भारती



भरतपुर। राजस्थान पुलिस की आरएसी (राजस्थान आर्म्ड कांस्टेबुलरी) सातवीं बटालियन में तैनात सिपाही शिशुपाल की सड़क दुर्घटना में दुखद मृत्यु के मामले में पीड़ित परिवार को बड़ी आर्थिक राहत मिली है। भरतपुर स्थित मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी कोर्ट) में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के मंच पर दोनों पक्षों की आपसी सहमति से 1 करोड़ 10 लाख (1.10 करोड़) रुपये के ऐतिहासिक मुआवजे पर समझौता (राजीनामा) तय हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरएसी सातवीं बटालियन में कार्यरत सिपाही शिशुपाल 5 दिसंबर 2025 को अपनी सेवा (नौकरी) के दौरान एक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गए थे, जिसमें उनकी जान चली गई थी। परिवार के मुखिया और कमाऊ सदस्य के असमय निधन के बाद उनकी पत्नी राजेश ने अपने परिवार के भरण-पोषण और न्याय के लिए एमएसीटी कोर्ट, भरतपुर में मोटर वाहन दुर्घटना दावा याचिका दायर की थी। इस प्रकरण के त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए मामले को लोक अदालत में रखा गया। दावेदार पक्ष की ओर से अधिवक्ता के.के. उपाध्यक्ष ने पैरवी की। वहीं, विपक्षी एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी की ओर से अधिवक्ता विजय गोयल तथा बीमा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी राजीव चंडोक, जगदीश प्रसाद, भानु अग्रवाल एवं अजय उपस्थित रहे। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं और बीमा अधिकारियों के सकारात्मक दृष्टिकोण व निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप मामले को लंबित मुकदमों के बजाय लोक अदालत में आपसी राजीनामे के आधार पर निस्तारित करने पर सहमति बनी। अंततः 1 करोड़ 10 लाख रुपये की सम्मानजनक मुआवजा राशि पर दोनों पक्षों ने सहमति जताई। लोक अदालत के माध्यम से हुए इस बड़े समझौते से मृत सिपाही के आश्रित परिवार को लंबी कानूनी लड़ाई से मुक्ति मिली है और त्वरित आर्थिक संबल सुनिश्चित हुआ है।

डीआईजी भुल्लर की 129 एकड़ जमीन समेत संपत्तियों की जांच करेगी ईडी अदालत ने आठ दिन की रिमांड पर भेजा, 14 दिन का रिमांड मांगा था

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब के निलंबित डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हिरासत में ले लिया। ईडी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की विशेष अदालत में भुल्लर से पूछताछ के लिए 14 दिन का रिमांड मांगा था। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने भुल्लर को आठ दिन की ईडी हिरासत में भेजने के आदेश दिए।सीबीआई के ट्रैप केस में भुल्लर पहले ही न्यायिक हिरासत में चल रहे थे। ईडी ने उन्हें प्रोडक्शन वारंट पर अदालत में पेश करने के लिए अर्जी दायर की थी, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया था। मनी लॉन्ड्रिंग केस में भुल्लर की औपचारिक गिरफ्तारी दिखाकर ईडी ने रिमांड की मांग की। ईडी अब भुल्लर की संपत्तियों, जमीन और आय के स्रोतों की जांच करेगी। जांच एजेंसी का दावा है कि पंजाब



में भुल्लर के नाम पर 129 एकड़ जमीन होने का पता चला है। ईडी यह पता लगाने का प्रयास करेगी कि उन्होंने इतनी बड़ी संपत्ति कैसे अर्जित की और इसके लिए धन कहां से आया। अदालत में ईडी ने बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के दौरान भुल्लर की संपत्तियों से जुड़े कई अहम तथ्य सामने आए हैं। इससे पहले सीबीआई ने रिश्वत मामले में कार्रवाई करते हुए भुल्लर के सेक्टर-40 स्थित आवास पर छापा मारा था। तलाशी के दौरान वहां से करीब साढ़े सात करोड़ रुपये नकद, लगभग ढाई करोड़ रुपये की लग्जरी घड़ियां और करीब ढाई किलो सोना बरामद किया गया था। बरामदगी के बाद भुल्लर की संपत्ति और आय के स्रोत जांच एजेंसियों के दायरे में आ गए थे। हरचरण सिंह भुल्लर को पिछले वर्ष सीबीआई ने मंडी गोबिंदगढ़ के कारोबारी आकाश बत्ता से आठ लाख रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया था। सीबीआई की कार्रवाई के बाद अब ईडी उनकी संपत्तियों और धन के स्रोतों की जांच कर रही है।

बचाव पक्ष ने रिमांड का किया विरोध

बचाव पक्ष के एडवोकेट एसपीएस भुल्लर ने ईडी की रिमांड अर्जी का विरोध करते हुए सवाल उठाया कि एजेंसी को 11 महीने बाद इस मामले में कार्रवाई करने की याद आई है। जिन संपत्तियों को आधार बनाकर रिमांड मांगा जा रहा है, उन्हीं तथ्यों के आधार पर पहले से भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति (डीए) के मामले चल रहे हैं। इनमें कोई नया तथ्य सामने नहीं आया है।बचाव पक्ष ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में जमानत की अर्जी पर सुनवाई विचाराधीन है। ऐसे में उस प्रक्रिया के बाद ही ईडी को यह कार्रवाई करनी चाहिए थी। एडवोकेट एसपीएस भुल्लर ने यह भी कहा कि पूछताछ के लिए ईडी परिवार के सदस्यों को बुला रही है, जबकि संबंधित सभी दस्तावेज सीबीआई के पास हैं। इन दस्तावेजों की फोटोकॉपी हासिल करने के लिए बचाव पक्ष की ओर से पहले ही अर्जी दायर की जा चुकी है।

केजरीवाल केस से जुड़ा फैसला भी पेश किया

बचाव पक्ष ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के ईडी केस से जुड़े फैसले को भी अदालत में पेश किया। इसमें सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का उल्लेख करते हुए दलील दी गई कि इस तरह रिमांड नहीं ली जा सकती। बचाव पक्ष ने कहा कि रिमांड के संबंध में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन किया जाना चाहिए।

वीकेंड पर शिमला में पर्यटकों की रौनक, विंटर सीजन से कारोबारियों को बड़ी उम्मीदें

डेली आवाज भारती

शिमला। राजधानी शिमला में वीकेंड के दौरान पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने से पर्यटन कारोबार को रफ्तार मिली है। रिज मैदान, मॉल रोड, कुफरी, नालदेहरा और मशोबरा जैसे पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की चहल-पहल देखने को मिल रही है। पंजाब सहित दूसरे राज्यों से पर्यटक परिवारों के साथ शिमला पहुंच रहे हैं। पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों की मानें तो वीकेंड पर अच्छी भीड़ के बावजूद सामान्य दिनों में पर्यटकों की आमद अपेक्षाकृत कम रहती है। ट्रैवल एजेंट जहां वीकेंड पर 65 से 70 प्रतिशत तक बुकिंग होने की बात कह रहे हैं, वहीं टैक्सी चालकों का कहना है कि पर्यटकों की भीड़ का स्थानीय कारोबारियों को पूरा फायदा नहीं मिल पा रहा है। अब पर्यटन कारोबारियों को आगामी विंटर सीजन से काफी उम्मीदें हैं। ट्रैवल एजेंट केदार दत्त ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि वीकेंड के



दौरान करीब 65 से 70 प्रतिशत तक बुकिंग हो रही है। हालांकि, सामान्य दिनों में पर्यटकों की आवाजाही अपेक्षाकृत कम रहती है। उनका कहना है कि आगामी विंटर सीजन को लेकर उम्मीदें तो हैं, लेकिन अभी एडवांस बुकिंग शुरू नहीं हुई है। केदार दत्त ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार से नई पर्यटन परियोजनाएं शुरू करने और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित करने की मांग उठाई। उन्होंने उत्तर प्रदेश के अयोध्या और वाराणसी में विकसित किए गए पर्यटन स्थलों का उदाहरण देते हुए कहा कि हिमाचल में भी पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए इस दिशा में काम करने की जरूरत है। उनके मुताबिक, पर्यटन ऐसा व्यवसाय है, जिससे छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े कारोबारियों तक की आजीविका जुड़ी हुई है। पिछले 15 से 20 वर्षों से टैक्सी व्यवसाय से जुड़े बसंत ठाकुर का कहना है कि इस बार उनका काम पिछले साल के मुकाबले बेहतर चल रहा है। तीन छुट्टियों वाले वीकेंड के दौरान पर्यटकों की आवाजाही इतनी अधिक रही कि उन्हें पीक सीजन जैसी रौनक देखने को मिली। हालांकि, उन्होंने शिमला में पार्किंग की कमी और यातायात जाम की समस्या पर चिंता जताई। उनका कहना है कि अधिकांश पर्यटक अपनी निजी गाड़ियों में आते हैं, जिससे शहर की सड़कों पर दबाव बढ़ जाता है। इससे पर्यटकों, स्थानीय लोगों और टैक्सी चालकों को परेशानी झेलनी पड़ती है। निजी वाहनों के अधिक इस्तेमाल से स्थानीय टैक्सी चालकों और दुकानदारों को भी पर्यटकों की आमद का पूरा लाभ नहीं मिल पाता। उन्होंने बेहतर पार्किंग व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर जोर देते हुए कहा कि यदि पर्यटक स्थानीय टैक्सियों को प्राथमिकता दें, तो कारोबार को फायदा मिलने के साथ जाम की समस्या कम करने में भी मदद मिल सकती है।

CMYK

page 8_Layout 1 10-10-2026 20:18 Page 1

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने विभिन्न विभागों को एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए विश्वस्तरीय प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पुख्ता प्रबंध करेगा पंजाब, अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता की मेजबानी से नए कीर्तिमान स्थापित करे पंजाब

- चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 27 अक्टूबर को जालंधर में होगा, 5 नवंबर तक खेले जाएंगे मैच

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होने वाली एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आपसी समन्वय, अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं, शहरों के सौंदर्यीकरण और मेहमाननवाजी पर ध्यान केंद्रित करते हुए सभी विभागों को विश्वस्तरीय प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लोगों का उत्साह बढ़ाने के लिए राज्यस्तरीय ट्रॉफी टूर और विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी का आह्वान भी किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि पंजाब को अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी में नए कीर्तिमान स्थापित करने चाहिए। चैंपियंस ट्रॉफी के संबंध में उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन पंजाब के खेल इतिहास में नया मील का पत्थर स्थापित करे।÷ उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने और भाग लेने वाली टीमों, अधिकारियों, दर्शकों तथा आने वाले मेहमानों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने में कोई कसर न छोड़ने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा, ÷पंजाब अपनी समृद्ध हॉकी विरासत और भारतीय खेलों में महान योगदान के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। हमें अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के आयोजन में नए कीर्तिमान स्थापित करने चाहिए और भाग लेने वाली टीमों, अधिकारियों, दर्शकों तथा मेहमानों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत, चीन, मलेशिया, जापान, बांग्लादेश और दक्षिण कोरिया सहित प्रमुख हॉकी देशों की भागीदारी से पंजाब अंतरराष्ट्रीय खेल जगत के केंद्र में आ जाएगा और इससे अपनी मेहमाननवाजी, बुनियादी ढांचे, खेल उपलब्धियों तथा सांस्कृतिक परंपराओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह 27 अक्टूबर को जालंधर में होगा, जबकि मैच 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक खेले जाएंगे। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को तैयारियां समय से पहले पूरी करने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि चैंपियनशिप का आयोजन बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन के नियमों और पेशेवर दृष्टिकोण के अनुरूप किया जाए।

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजनाः

हल्का डेराबस्सी से तीन बसें श्रद्धालुओं को लेकर श्री अमृतसर साहब के लिए रवाना

डेली आवाज भारती



डेराबस्सी/तरनप्रीतसिंह गिल। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र डेराबस्सी के गांव फतेहपुर जट्टां, ईसापुर और तोफापुर से तीन बसें श्रद्धालुओं को लेकर श्री अमृतसर साहब तथा अन्य पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए रवाना की गईं।

हल्का विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बसों की रवानगी के समय श्रद्धालुओं में काफी उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक रंधावा ने कहा कि %मुख्यमंत्री तीर्थ स्थान यात्रा योजना% का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए सुचारू सुविधा प्रदान करना है, ताकि वे पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ अपनी यात्रा पूरी कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किए जा रहे ऐसे प्रयास लोगों को अपने धार्मिक और आध्यात्मिक विरासत से मजबूती से जोड़ने का एक सुनहरा मौका प्रदान करते हैं। विधायक रंधावा ने कहा कि श्री अमृतसर साहब सिख धर्म के प्रमुख धार्मिक केंद्रों में से एक है, जहाँ श्री हरिमंदिर साहब समेत कई ऐतिहासिक धार्मिक स्थल स्थित हैं, जहाँ देश-विदेश से लाखों संगतें नतमस्तक होने के लिए पहुँचती हैं। इस यात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं को इन पवित्र स्थलों के दर्शन करने का भाग्यशाली अवसर मिलेगा।

प्रदेश अध्यक्ष प्रगट सिंह को विजय शर्मा टिंकू ने दी बधाई

डेली आवाज भारती



खरड़, संदीप अकालगढ़ियाः विधानसभा हलका खरड़ से कांग्रेस पार्टी के इंचार्ज विजय शर्मा टिंकू ने पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष पद्मश्री प्रगट सिंह से मुलाकात कर उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। इस दौरान विजय शर्मा टिंकू ने प्रगट सिंह को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया।

मुलाकात के दौरान विजय शर्मा टिंकू ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रदेश अध्यक्ष पद्मश्री प्रगट सिंह के नेतृत्व में एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता मिलकर पंजाब में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने के लिए काम करेंगे। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच विधानसभा हलका खरड़ से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों और आगामी रणनीति को लेकर भी चर्चा हुई। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस खरड़ के पूर्व अध्यक्ष गुरिंदर सिंह वैदवान भी उपस्थित थे। विजय शर्मा टिंकू ने बताया कि 11 अक्टूबर को पंजाब कांग्रेस भवन, चंडीगढ़ में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष प्रगट सिंह पहुंच रहे हैं। उन्होंने पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों से अपील की कि वे प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए सुबह 10 बजे पंजाब कांग्रेस भवन, चंडीगढ़ में पहुंचें।

लाल लकीर के भीतर रहने वाले परिवारों को घरों के मालिकाना हक की दस्तावेजी पहचान दे रही है पंजाब सरकार : अमन अरोड़ा

कैबिनेट मंत्री ने गांव कोटड़ा अमरू में 'मेरा घर, मेरे नाम' योजना के तहत 227 लाभार्थियों को बांटे प्रॉपर्टी कार्ड

डेली आवाज भारती



सुनाम/मोहिंदर सिंह : पंजाब के कैबिनेट मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार गांवों की लाल लकीर के भीतर पीढ़ियों से रह रहे परिवारों को उनके घरों के मालिकाना हक की दस्तावेजी पहचान देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 'मेरा घर, मेरे नाम' योजना ऐसे परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिनके पास अपने घरों के मालिकाना हक से संबंधित स्पष्ट दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। कैबिनेट मंत्री आज विधानसभा हलका सुनाम के गांव कोटड़ा अमरू में 227 लाभार्थियों को प्रॉपर्टी कार्ड सौंपने के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि अपनी मेहनत से बनाए गए घर के मालिकाना हक का रिकॉर्ड मिलना हर परिवार के लिए गर्व और संतुष्टि का पल है। यह पहल परिवारों के मौजूदा अधिकारों को दस्तावेजी पहचान देने के साथ-साथ उनकी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण है। श्री अमन अरोड़ा ने कहा कि लाल लकीर के भीतर रहने वाले कई परिवार लंबे समय से अपने घरों में रह रहे थे, लेकिन मालिकाना हक का स्पष्ट रिकॉर्ड नहीं होने के कारण उन्हें संपत्ति से जुड़े विभिन्न कार्यों में मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य लोगों की इस समस्या का उचित समाधान करना और उन्हें अपने घरों से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करवाना है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रॉपर्टी कार्ड और गांव का नक्शा दिखाते हुए कैबिनेट मंत्री ने बताया कि सर्वेक्षण और डिजिटल मैपिंग के माध्यम से घरों की सीमाओं, क्षेत्रफल और मालिकाना हक से संबंधित विवरणों का रिकॉर्ड तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से संपत्ति की पहचान और उससे संबंधित जानकारी को दस्तावेजी रूप मिलता है, जिससे लोगों के लिए अपने अधिकारों की पुष्टि करना आसान हो जाता है। श्री अरोड़ा ने कहा कि मालिकाना हक के दस्तावेज उपलब्ध होने से परिवारों को बैंकों की लागू शर्तों के अनुसार ऋण के लिए आवेदन करने और संपत्ति से संबंधित लेन-देन की कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने में सुविधा मिल सकती है। उन्होंने कहा कि बच्चों की उच्च शिक्षा, कारोबार के विस्तार और अन्य पारिवारिक जरूरतों के लिए आर्थिक अवसरों तक पहुंच आसान बनाने में भी ऐसे दस्तावेज महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि योजना के तहत सर्वेक्षण और रिकॉर्ड तैयार करने का काम चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने जोर दिया कि इस प्रक्रिया में विवरणों की शुद्धता और पारदर्शिता बेहद जरूरी है, ताकि योग्य लाभार्थियों को सही रिकॉर्ड के आधार पर प्रॉपर्टी कार्ड मिल सकें।

ढकोली की इश्मिता होम्स में लगाया गया विशाल निशुल्क आयुर्वेद मेडिकल कैंप

- कैंप में 80 से अधिक मरीजों ने उठाया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

डेली आवाज भारती



जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल : राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला द्वारा प्रयोग फाउंडेशन के सहयोग से शनिवार को ढकोली की इश्मिता होम्स में एक निशुल्क आयुर्वेदिक कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप के दौरान इलाके के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और करीब 80 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण करने के बाद उन्हें आवश्यकतानुसार दवाइयां मुफ्त में बांटी गई। इस कैंप में इश्मिता होम्स सोसाइटी के अध्यक्ष रविंदर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रयोग फाउंडेशन के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने की। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर एवं कैंप प्रभारी डॉ. प्रबोध एम. येरावर की अगुवाई में आई डॉक्टरों की विशेष टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें बदलते मौसम के कारण होने वाली बीमारियों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष रविंदर कुमार ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन और महान भारतीय चिकित्सा पद्धति है। आयुर्वेद में हर गंभीर और असाध्य रोग का सही उपचार मौजूद है। आम लोगों को चाहिए कि वे आयुर्वेद को अपने जीवन में अपनाएं और अपने स्वास्थ्य के प्रति पूरी तरह जागरूक रहें। कैंप प्रभारी डॉ. प्रबोध एम. येरावर ने बताया कि आम लोगों को आयुर्वेद से जोड़ने के लिए ऐसे कैंप लगातार लगाए जा रहे हैं। आयुर्वेद केवल बीमारियों के इलाज का साधन नहीं है, बल्कि यह एक स्वस्थ जीवन जीने की पूरी जीवनशैली है, जिसमें बीमारियों के इलाज से पहले व्यक्ति को स्वस्थ रखने पर जोर दिया जाता है। इस दौरान एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. स्वर्ण आकाशदीप ने लोगों को बदलते मौसम के दौरान होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव के लिए जागरूक किया।

बलटाना में भाजपा को बड़ा झटका : वार्ड नंबर 4 के 25 परिवार 'आप' में शामिल

विधायक रंधावा ने सिरोपा पहनाकर नए सदस्यों का किया स्वागत, पार्टी में पूरा मान-सम्मान देने का दिया भरोसा

डेली आवाज भारती



जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल : आम आदमी पार्टी की जनहितैषी नीतियों और पंजाब सरकार द्वारा किए जा रहे विकास व जनकल्याणकारी कार्यों से प्रभावित होकर वार्ड नंबर 4, बलटाना में भारतीय जनता पार्टी से जुड़े करीब 25 परिवारों ने भाजपा को अलविदा कहकर आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। श्री बजरंग की अगुवाई में आयोजित शामिलता समारोह के दौरान हल्का डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और पार्टी में शामिल होने वाले सभी नए सदस्यों को सिरोपा भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि आम आदमी पार्टी में शामिल हुए सभी नेताओं और परिवारों को पार्टी के भीतर पूरा मान-सम्मान और हक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और %आप% पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया के कुशल नेतृत्व में पंजाब सरकार हर वर्ग के लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से काम कर रही है। विधायक रंधावा ने बताया कि विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं का लगातार आम आदमी पार्टी में शामिल होना सरकार की बेहतर नीतियों पर जनता की मुहर है।

गमाडा की जमीन के बदले लैंड पूलिंग प्लॉट के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा

महिला मैनेजर की किशनपुरा स्थित जमीन फर्जी दस्तावेजों से बेची

डेली आवाज भारती

जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल। गमाडा की ओर से अधिग्रहित जमीन के बदले मिलने वाले लैंड पूलिंग के प्लॉट हासिल करने के नाम पर एक बड़े धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपियों ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की चंडीगढ़ स्थित शाखा में कार्यरत महिला मैनेजर की किशनपुरा स्थित 12 बिस्वा जमीन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बेच दी। इस पूरी साजिश के दौरान रजिस्ट्री के वक्त असली मालिक की जगह एक हमनाम महिला को खड़ा किया गया। इसके बाद 19 फरवरी 2025 को 37.50 लाख रुपये में उक्त जमीन की रजिस्ट्री करवा दी गई और राजस्व रिकॉर्ड में इंतकाल भी दर्ज करा लिया गया। इस पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब जमीन की असली मालिक रीतू (पत्नी गगनदीप सिंह, निवासी सेक्टर-49डी, चंडीगढ़) गमाडा कार्यालय में लैंड पूलिंग योजना के तहत प्लॉट लेने की प्रक्रिया पूरी करने पहुंचीं। वहां रिकॉर्ड देखने पर पता चला कि उनकी जमीन किसी अन्य महिला के नाम पर बेची जा चुकी है। इसके बाद उन्होंने तुरंत इसकी शिकायत एसएसपी मोहाली को दी। जांच में फर्जी आधार और पैन कार्ड का खुलासा पुलिस के अनुसार, रीतू ने 8 जुलाई 2021 को एक प्रॉपर्टी डीलर के माध्यम से किशनपुरा में यह जमीन खरीदी थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि न तो उन्होंने कभी अपनी जमीन बेची और न ही किसी को इसके लिए कोई मुख्तारनामा (पावर ऑफ अटॉर्नी) दिया था।

पिछले 40 सालों में उतना विकास नहीं हुआ, जितना कांग्रेस ने 5 सालों में करके दिखायाः अनिल जोशी

डेली आवाज भारती



अमृतसर,(सलोनी नेहा गिल) आज %इकट्ठी आवाज़, मजबूत पंजाब% की थीम पर एक खास प्रेस मिलन का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से पत्रकारों और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स को बुलाया गया था। इस पूरे इवेंट की कमान पूर्व कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस नेता श्री अनिल जोशी ने संभाली। कांग्रेस गठबंधन के मजबूत दावेदार और पूर्व स्थानीय निकाय मंत्री अनिल जोशी ने आज एक भारी प्रेस सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जन-विकास के बड़े एजेंडे पर खुलकर बात की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान गुरु नगरी के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी थी और एक आम सेवक की तरह हर घर तक पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी निभाई थी। उन्होंने खुले दिल से कहा कि पिछले 40 सालों में अमृतसर में उतना विकास नहीं हुआ, जितना उन्होंने सिर्फ 5 सालों में करके दिखाया।

अपने कामों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों की मांग पर उन्होंने डर के साये में जी रहे हाई-टेंशन तारों के नीचे रहने वाले लोगों की समस्या को दूर किया। 88 फीट मार्ग और वेरका बाईपास से होते हुए रंजीत एवेन्यू तक जाने वाले गंदे नाले के प्रोजेक्ट को प्राथमिकता देकर करोड़ों रुपये खर्च कर के संवारा। सबसे पॉश इलाके रंजीत एवेन्यू को एक आधुनिक शहर की तर्ज पर पूरी सुविधाओं के साथ विकसित किया। इसके अलावा, कंपनी बाग, लॉरेंस रोड, मजीठा रोड और रंजीत एवेन्यू के सभी छोटे-बड़े पार्कों को चंडीगढ़ के मशहूर पार्कों की तरह सुंदर बनाकर हलके के लोगों को एक शानदार तोहफा दिया। अमृतसर नॉर्थ में कोई भी गली या सड़क कच्ची नहीं छोड़ी गई। साइकिल ट्रैक, ओपन एयर जिम, मरकरी लाइटें, कॉरपोरेशन के दफ्तर और रंजीत एवेन्यू में सैकड़ों मॉल व शॉपिंग प्लाजा उनके उन्हीं विकास कार्यों का हिस्सा थे। उन्होंने युवाओं को रोजगार से जोड़ने और नशों से दूर रखने के लिए खेलकूद, जिम और ग्राउंड लेवल पर स्पोर्ट्स को खूब बढ़ावा दिया। हालांकि, उन्हें इस बात का गहरा दुख है कि उनके सत्ता से हटने के बाद बाद की सरकारों ने उनके किए गए विकास कार्यों को बिल्कुल नहीं संभाला, जिसकी वजह से आज हलके के आम लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों के सभी सवालों के बड़े बेबाकी से जवाब दिए।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद मेट्रो स्टेशन बंद रहने का आरोप, अधिकारियों के खिलाफ अवमानना याचिका

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। दिल्ली में 10 अक्टूबर को कॉकरोच जनता पार्टी (छ्छ्क्क) के प्रदर्शन से पहले मेट्रो और रेल सेवाओं पर लगाई गई पाबंदियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गई है। अधिवक्ता शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि 9 अक्टूबर को अदालत के निर्देश के बावजूद मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश द्वार बंद रहे और रेल सेवाओं पर पाबंदियां जारी रहीं। उन्होंने केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार और दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (छ्रस्क्रष्ट) की अध्यक्ष डी. थारा सहित संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। याचिका के मुताबिक, त्रिपाठी ने 9 अक्टूबर की रात करीब 9:30 बजे त्रस्क्रक्र नगर और विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशनों का दौरा किया था। उन्होंने दावा किया कि वहां प्रवेश द्वार बंद थे और कुछ द्वारों से केवल नियंत्रित तरीके से बाहर निकलने की अनुमति दी जा रही थी। याचिका में 45 मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार बंद रखने संबंधी छ्रस्क्रष्ट की घोषणा का भी हवाला दिया गया है। दरअसल, छ्छ्क्क ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का ऐलान किया था। इसके मद्देनजर दिल्ली में सुरक्षा बढ़ाई गई और रेलवे ने भी नई दिल्ली तथा हजरत निजामुद्दीन पहुंचने वाली कई ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया था। 9 अक्टूबर को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सुरक्षा के नाम पर सार्वजनिक परिवहन पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती। अदालत ने अधिकारियों से मेट्रो और रेल सेवाओं को नियंत्रित तरीके से चलाने तथा यातायात संबंधी सूचनाएं सार्वजनिक करने को कहा था। साथ ही संबंधित अधिकारियों से चार दिन के भीतर अनुपालन रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। हालांकि, नई याचिका में लगाए गए आरोपों पर अदालत का फैसला आना बाकी है। याचिका दाखिल होने मात्र से अधिकारियों द्वारा अदालत के आदेश की अवमानना किया जाना साबित नहीं होता।

डेराबस्सी की अनाज मंडी में धान की बेकद्री, किसान हो रहे परेशान : एन के शर्मा

तीन दिन से नहीं हुई बोली, ट्रालियों में धान लिए खड़े किसान, पल्लेदार दूषित पानी पीने को रहे मजबूर

डेली आवाज भारती



डेराबस्सी/तरनप्रीत सिंह गिल। डेराबस्सी के धनौनी मंडी में धान की बेकद्री हो रही है। मंडी में एक तरफ जहां गेहूं के अंबार लगे हैं वहीं किसान दो-दो दिन से धान से लदी ट्रालियां लेकर मंडी के बाहर खड़े हैं। डेराबस्सी के पूर्व हलका विधायक एन के शर्मा ने आज मंडी का दौरा करके किसानों की समस्याएं सुनी। एन के शर्मा को गांव पुनसर से आए एक किसान ने बताया कि वह रविवार को धान लेकर आया था लेकिन अभी तक कोई एजेंसी यहां नहीं आई है। किसानों ने बताया कि मंडी में चारों तरफ धान बिखरा हुआ है। इसके उपर से ट्रालियां निकल रही हैं और चावल टूट रहा है। संबंधित अधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं है। एन के शर्मा ने कहा कि कई किसान पिछले दो दिन से धान की ट्राली लेकर मंडी के बाहर खड़े हैं। भीतर कहीं धान गिराने की जगह नहीं है। शर्मा ने कहा कि पहले यहां के किसान हरियाणा में धान की बिक्री कर लेते थे लेकिन अब हरियाणा सरकार बाहरी धान नहीं खरीद रही है। पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार की गलत कार्य प्रणाली के चलते पहले किसानों को यूरिया समय पर नहीं मिला। इसके बाद बिजली संकट का सामना करना पड़ा। किसानों ने अपनी मेहनत के बल पर जैसे-तैसे धान की पैदावार की अब उनकी फसल मंडियों में रूल रही है। सरकार का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। एन के शर्मा ने बताया कि आज वह मंडी में कई पल्लेदारों तथा मजदूरों से मिले। जिनके लिए यहां पीने वाले पानी का भी कोई प्रबंध नहीं है। पल्लेदार व प्रवासी मजदूर मजबूरन शौचालयों की टूटियों से पानी पी रहे हैं। पंजाब सरकार के सभी दावे केवल इश्तिहारों तक सिमट गए हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि अगर किसानों की फसल की जल्द बोली नहीं करवाई गई तो अकाली दल किसानों के समर्थन में रोष प्रदर्शन करेगा। इस अवसर पर अकाली नेता राजिंद्र सिंह ईस्सापुर, दिलबाग सिंह चडियाला, हनी सैनी, हरविंद्र पिंका, अमीर खान, कर्म सिंह राजू, विक्रमजीत सिंह समेत कई अकाली नेताओं ने किसानों की समस्याएं सुनकर उन्हें समर्थन का आश्वसन दिया।

CMYK